Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 54 | गुरूवार, 26 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### मोदी ने इजराइल की संसद नेसेट को संबोधित करते हुए कहा कि

# आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए इजराइल के साथ भारत

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर 25-26 फरवरी को इजरायल की ऐतिहासिक दो दिवसीय राजकीय यात्रा की।

इस यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने इजरायल की राष्ट्रीय संसद, नेसेट (इजरायल की संसद) को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच दिया, जिससे दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों को बल मिला। उन्होंने रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए बेंजामिन नेतन्याहू के साथ चर्चा की। प्रधानमंत्री ने इजरायल में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इजराइल की तरह, भारत भी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की एक सुसंगत और अडिग नीति अपनाता है। मोदी ने इजराइल की संसद नेसेट को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों की हत्या और आतंकवाद को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए निरंतर और समन्वित वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता है, क्योंकि दुनियाभर में कहीं भी आतंकवाद शांति के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि इस समय भारत पूरी दृढ़ता के साथ इजराइल के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा किए गए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा, हम आपके दर्द को महसूस करते हैं, हम आपके शोक में आपके साथ हैं।

उन्होंने कहा कि भारत गाजा में शांति की पहल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, शांति का मार्ग हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन भारत इस क्षेत्र में संवाद, शांति और स्थिरता के लिए आपके और विश्व के साथ खड़ा है। मोदी ने कहा, मैं 1.4 अरब भारतीयों की ओर से शुभकामनाएं और मित्रता, सम्मान और साझेदारी का संदेश लेकर आया हूं।



## मध्य प्रदेश में 50 मुस्लिम किन्नरों ने की घर वापसी, मंत्रोच्चार के बीच अपनाया सनातन

### नगर के मध्य स्थित एक लॉन में राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा आयोजन किया

**बैतूल।**



मध्य प्रदेश में बैतूल जिले के मुलताई में हिंदू विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के मुस्लिम समुदाय से संबंधित 50 किन्नरों ने घर वापसी करते हुए सनातन अपनाया। किन्नर समाज के सदस्यों ने ताप्ती सरोवर सहित सात पवित्र कुंडों में स्नान किया। इसके बाद पंडितों ने रुद्राभिषेक, हवन और पूजन संपन्न कर उन्हें हिंदू धर्म में प्रवेश दिलाया। नगर के मध्य स्थित एक लॉन में राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा आयोजन किया गया था, जिसमें किन्नर अखाड़े के संस्थापक स्वामी अजय दास ऋषि, जगद्गुरु काजल ठाकुर, महामंडलेश्वर प्रभा पटेल, महामंडलेश्वर रानी ठाकुर, जगद्गुरु मां संजना सहित विभिन्न जिलों से आए साधु-संत उपस्थित थे। इसमें बड़ी संख्या में किन्नर शामिल हुए। संस्कार से पूर्व किन्नरों का मां ताप्ती के पावन जल से शुद्धिकरण किया गया और ताप्ती मंदिर में विशेष पूजन हुआ। आयोजन के दौरान महाकाली मंदिर और ताप्ती तट स्थित मंदिर में किन्नर अखाड़े द्वारा घंटा भेंट किया गया। संस्कार के बाद किन्नर ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते मंदिरों तक पहुंचे। राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेशाध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि यह अभियान किन्नर समाज को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का प्रयास है।

## वैश्विक बाजार पर भारत की पकड़, गोयल बोले- 'भारत ने 38 देशों के साथ किए नौ मुक्त व्यापार समझौते'



**मुंबई।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत ने 38 देशों के साथ नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, जिससे देश के सामानों को वैश्विक बाजारों के लगभग दो-तिहाई हिस्से में पहुंच प्राप्त होगी। मुंबई में ईवाई एंटरप्रेन्योर आफ द ईयर पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि ये समझौते भारतीय वस्तुओं, सेवाओं, कृषि और मत्स्य उत्पादों और श्रम प्रधान क्षेत्रों को नए बाजारों तक पहुंचने में मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि हर देश भारत के साथ व्यापार समझौता करना चाहता है। चिली इस सप्ताह एफटीए को अंतिम रूप देना चाहता है। हम कनाडा के साथ एफटीए वार्ता शुरू कर रहे हैं, उम्मीद है कि जब प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सोमवार को यहां आएंगे तब यह शुरू हो जाएगी।

## नए सिरे से होगी जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच, लोकसभा स्पीकर ने समिति का किया पुनर्गठन

**नई दिल्ली।**



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ धन आरोपों की जांच के लिए समिति का पुनर्गठन किया। नई तीन सदस्यीय समिति मामले की गहन जांच करेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ लगे गंभीर आरोपों की जांच अब नए सिरे से होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को तीन सदस्यीय जांच समिति का पुनर्गठन कर दिया। यह कार्रवाई मार्च 2025 में जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जली हुई नकदी के बंडल बरामद होने के बाद शुरू हुई महाभियोग प्रक्रिया के तहत की गई है। लोकसभा सचिवालय के नोटिफिकेशन में कहा गया है 'अंशतः संशोधन करते हुए स्पीकर, लोकसभा, ने 6 मार्च 2026 से यह समिति पुनर्गठित की है। इस समिति का उद्देश्य जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए जिन आधारों पर महाभियोग की मांग की गई है, उनकी जांच करना है। समिति में निम्न सदस्य शामिल हैं: पिछले साल मार्च 2025 में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास के स्टोर में आग लग गई थी। आग बुझाने के दौरान स्टोर रूम से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी बरामद हुई थी, जिसमें कई नोट के बंडल गंभीर रूप से जल चुके थे। उस समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में तैनात थे। इस घटना ने न्यायपालिका और राजनीतिक गलियारों में व्यापक बहस छेड़ दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट की आंतरिक जांच में जस्टिस वर्मा की इस मामले में भूमिका सामने आई थी, जिसके बाद उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया।

### महंगे होंगे भारतीय सोलर उत्पाद

# ट्रंप ने लगाया 126% शुल्क, द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।**

अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी देने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 125.87 प्रतिशत का प्रारंभिक प्रतिकारी शुल्क (काउंटरवेलिंग ड्यूटी) लगाने का एलान किया है।


अमेरिका ने इंडोनेशिया और लाओस से आयातित 'क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल, चाहे वे माड्यूल में संयोजित हों या नहीं' पर भी अलग-अलग शुल्क दरों का एलान किया है। ये शुल्क अमेरिकी प्रशासन द्वारा 24 फरवरी से सभी देशों पर घोषित 10 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त हैं। आदेश के अनुसार, अमेरिका में भारत से सौर आयात 2022 के 8.386 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024 में 79.26 करोड़ डॉलर हो गया। प्रतिकारी शुल्क कंपनियों को सब्सिडी वाले आयात में वृद्धि से बचाने में मदद करते हैं। आदेश में कहा गया, 'यदि इसे स्थगित नहीं किया गया, तो इन प्रतिकारी शुल्क (सीवीडी) जांचों के अंतिम निर्णय छह जुलाई 2026 को जारी किए जाएंगे। वाणिज्य विभाग भारत, इंडोनेशिया और लाओस से सोलर सेल्स के संबंध में समानांतर रूप से डंपिंग रोधी शुल्क जांच भी कर रहा है।'



# कई राज्यों में न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल मिलने से हड़कंप

**नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बंगाल और झारखंड में एक बार फिर बुधवार को कई न्यायालायों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस, बम निरोधक दस्ते व डाग स्क्वाड ने न्यायालय परिसरों के अलावा आसपास के इलाकों में तलाशी ली। इस दौरान कुछ भी संदिग्ध बमरामद नहीं हुआ। 10 दिन के भीतर ई-मेल आइडी के जरिये दूसरी बार यूपी में अमरोहा जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से न्यायिक अधिकारी और कर्मचारियों में खलबली मच गई। सभी अपने कक्षों से बाहर निकल आए। सूचना पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वाड ने न्यायालय परिसर के अलावा आसपास करीब दो घंटे तक तलाशी ली। आपात स्थिति के लिए दमकल की टीम भी रही। इस बार भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला।




## देश में सामाजिक दरारें अब भी बरकरार, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस भुइयां ने जताई चिंता

**हैदराबाद।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्जल भुइयां ने समाज में व्याप्त गहरी दरारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गणतंत्र के 75 वर्ष बाद भी हम 'संवैधानिक नैतिकता' के मानक से काफी दूर हैं। हैदराबाद में आयोजित एक सेमिनार में उन्होंने स्पष्ट किया कि संवैधानिक नैतिकता को सार्वजनिक नैतिकता पर तरजीह दी जानी चाहिए, भले ही वह बहुमत का विचार ही क्यों न हो। भेदभाव की कड़वी सच्चाई जस्टिस भुइयां ने अपनी बेटी की सहेली का उदाहरण दिया, जो एक पीएचडी स्कॉलर है।

## ओडिशा के कंधमाल में इनामी नक्सली अन्वेश की सरेंडर से पहले हत्या






**संबलपुर।**

हाल ही में कंधमाल जिला में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने के बाद अब एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। कंधमाल जिला में सक्रिय के के बीएन डिविजन के इनामी और कुख्यात नक्सली अन्वेश की हत्या कर उसका शव दारिंगबाड़ी थाना अंतर्गत ताराबाड़ी जंगल में दफना दिया गया था। मंगलवार के दिन अन्वेश का सड़ा गला शव मिलने के बाद बुधवार के दिन साइंटिफिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। जिला पुलिस अधीक्षक हरिश बी.सी. ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अन्वेश अपनी टीम के दर्जन भर सदस्यों के साथ सरेंडर करना चाहता था, लेकिन सरेंडर से पहले ही उसकी हत्या कर दी गई। उसकी हत्या के पीछे के के बीएन डिविजन के एरिया कमेटी मेंबर शुकरु का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है। शुकरु ने बीते 29 जनवरी 2026 को अन्वेश को मारकर जंगल में दफना दिया गया था। मंगलवार, 24 फरवरी के दिन अन्वेश के शव को जमीन से खोदकर निकाला गया और पोस्टमार्टम कराई गई। इस बारे में दारिंगबाड़ी पुलिस स्टेशन में मर्डर केस दर्ज किया गया है।

**22 लाख रुपए का था इनामी**

# खेत में तीन दिन से निकल रहा क्रूड ऑयल, भरे जा चुके 50 से ज्यादा टैंकर



**बाड़मेर।**

बाड़मेर के कवास क्षेत्र में ऐश्वर्या ऑयल फील्ड के पास किसान हरजीराम खोथ के खेत में पाइपलाइन लीकेज से तीन दिन से क्रूड ऑयल निकल रहा है। 50 से अधिक टैंकर भरे जा चुके हैं। नुकसान को लेकर किसान ने मुआवजे की मांग की है। बाड़मेर जिले के कवास क्षेत्र में ऐश्वर्या ऑयल फील्ड के वेलपैड संख्या-8 के पास स्थित एक खेत में पिछले तीन दिनों से भारी मात्रा में क्रूड ऑयल निकल रहा है। बताया जा रहा है कि पाइप लाइन लीकेज के चलते यह रिसाव हो रहा है। कंपनी के कर्मचारी अस्थायी तौर पर एक गड्ढा खोदकर उसमें एकत्र हो रहे क्रूड ऑयल को टैंकरों में भरकर ले जा रहे हैं। हालांकि क्रूड ऑयल किस स्थान से लीक हो रहा है, इसका स्पष्ट पता अभी तक नहीं चल पाया है। खेत के मालिक का कहना है कि उन्होंने अपनी अधिकांश जमीन पहले ही कंपनियों को दे दी थी और यही खेत शेष बचा था। उनके अनुसार पिछले वर्ष इसी खेत में 50 बोरी बाजरा उत्पादन हुआ था, लेकिन अब लगातार क्रूड ऑयल निकलने से जमीन बंजर होती जा रही है। किसान ने नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की है। घटना बाड़मेर के ऐश्वर्या वेलपेड के पास काउखेड़ा गांव की है। 23 फरवरी सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे किसान हरजीराम खोथ के खेत में अचानक जमीन से क्रूड ऑयल का रिसाव शुरू हो गया।

**किसान ने मुआवजा क्यों मांगा?**

## संपादक की कलम से

# व्यापार समझौते का सच



ललित शर्मा
संपादक

हम एक लोकतांत्रिक देश हैं, लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी और विरोध-प्रदर्शन हमारे संवैधानिक और मौलिक अधिकार हैं। हम प्रधानमंत्री, मंत्रियों, सरकार और नीतियों की आलोचना और विरोध कर सकते हैं, लेकिन ये अधिकार निरंकुश नहीं हैं। उनकी अपनी सीमा, समय और मयार्दाएं तय हैं। जरा संविधान के संबद्ध अध्याय को पढ़ लीजिए। ये अधिकार देश की जन-व्यवस्था को बिगाडे वाले नहीं होने चाहिए। किसी के घर में घुसकर आंदोलन खड़े नहीं किए जा सकते। युवा कांग्रेस के बेकमीज कार्यकताओं ने एआई शिखर सम्मेलन में घुसकर जो उत्पात मचाया था, उसे देश ने भी खारिज किया और कांग्रेस के सहयोगी दलों ने भी मुखालफत की, नाराजगी जताई, क्योंकि यह देश के मान-सम्मान का सवाल था। प्रधानमंत्री मोदी और अमरीका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करना था, तो पूरा देश खाली पड़ा है। राजधानी दिल्ली में ही आंदोलन-स्थल चिह्नित हैं। कांग्रेस के युवाओं ने एक वैश्विक मंच को तितर-बितर करने की कोशिश की थी। दिल्ली पुलिस ने कुछ गैर-जमानती, गंभीर धाराओं में केस दर्ज किए हैं और 8 उपद्रवी उसकी रिमांड पर हैं। कांग्रेस इन दंगाइयों को बब्बर शेर करार दे रही है और ऐसे प्रदर्शनों के लिए उकसा रही है। केस में आपराधिक साजिश, देश की अखंडता के खिलाफ, दंगे में शामिल होना और भडकाने, लोकसेवक पर हमला आदि की धाराएं लगाई गई हैं। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब को भी रिमांड पर लिया गया है। अब इसे व्यापार समझौता बनाम किसान बनाम प्रधानमंत्री का मुद्दा बना दिया गया है। किसान महाचौपाल की पहली रैली के लिए भोपाल चुना गया, क्योंकि मप्र में करीब 83.50 लाख किसान हैं। मप्र को सोया स्टेट कहा जाता है, जहां देश के करीब 45 फीसदी सोयाबीन का उत्पादन होता है। करीब 50 लाख किसान सोयाबीन की खेती करते हैं। दरअसल देश की हकीकत यह है कि भारत करीब 60 फीसदी सोयाबीन एवं खाद्य तेल अर्जेन्टीना से आयात करता है और 20 फीसदी तेल ब्राजील से लेते हैं। मात्र 2 फीसदी खाद्य तेल अमरीका से आयात किया जाता है। भारत दशकों से 75 फीसदी खाद्य तेल और दालें आयात करता रहा है, क्योंकि भारत में खपत इतनी है और भारतीय किसान इतना उत्पादन करने में असमर्थ है। भारत कुल 1.61 लाख करोड़ रुपए का खाद्य तेल आयात करता है। क्या इन दशकों में हिंदुस्तान नहीं बिका? या किसान खत्म नहीं हुए? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर गंभीर आरोप है कि उन्होंने अमरीका के साथ व्यापार समझौते के जरिए हिंदुस्तान को ही बेच दिया। वस्त्र उद्योग बर्बाद कर दिया। किसानों को खत्म (सोयाबीन, कपास के संदर्भ में) कर दिया और देश का महत्वपूर्ण डाटा अमरीका को दे दिया। चूंकि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और प्रधानमंत्री का लगातार विरोध करना ही उनका राजनीतिक दायित्व है। भारत के लोकतंत्र में नेता विपक्ष को छाया प्रधानमंत्री कहते हैं, क्योंकि वह दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद है। राहुल गांधी कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन सच तो यह है कि अभी अमरीका के साथ व्यापार समझौता हुआ ही नहीं है। सिर्फ फ्रेमवर्क हुआ था, जिसे कभी भी खारिज किया जा सकता है। अब अमरीकी सर्वोच्च अदालत के अवैध टैरिफ वाले फैसले के बाद दोनों पक्ष पुनर्विचार कर रहे हैं, बैठक भी टाल दी गई है। जब डील हुई ही नहीं, तो देश कैसे बेच दिया गया? इसके अलावा, भारत सरकार के वाणिज्य मंत्री, कृषि मंत्री लिखित तौर पर स्पष्ट कर चुके हैं कि किन कृषि, खाद्य, डेयरी उत्पादों और मसालों को भारत के बाजार में आने की अनुमति अमरीका को नहीं दी गई है। फिर देशहित से सौदा कैसे कर लिया गया? कमोबेश नेता प्रतिपक्ष देश को भ्रमित और गुमराह न करें। कांग्रेस अभी ऐसी महाचौपाल महाराष्ट्र और राजस्थान में भी आयोजित करेगी। बहरहाल यह उनकी राजनीति है, लेकिन एआई शिखर सम्मेलन के दौरान जो नंगापन सामने आया, क्या उसकी कोई भी लीड खुफिया एजेंसियों को नहीं मिली? यह खुफिया तंत्र की गंभीर नाकामी है कि वैश्विक आयोजन में हुड़दंग मच गया।

## ख्वाबों की रानी

उदय किशोर साह



कविता

ख्वाबों की तुम हो मेरे दिल की पटरानी
हकीकत की दुनियाँ में बन जा प्रेम कहानी
मैं तुमसे अपनी प्यार का करता हूँ इजहार
मेहबूब मेरे ना करना मेरे प्रेम का इनकार

पाँव में तेरी चाँदी की पायलिया बना लाऊँ
तेरे सूनी माँग में प्रीत की लाली सजा दूँ
प्रेम पर्वत की तुम बन जाना प्यार की बहार
कोरे कागज पे करा ले तुम हमसे इकरार

कहार संग तेरे दर पे पालकी लेकर आ जाऊँ
गहनों में सजा तुम्हें दुल्हनियां बना दिखलाऊँ
अग्नि के चारों ओर करा लो अब फैरें हजार
मेरी मोहब्बत की आरजू हो सनम स्वीकार

कोई गम जीवन में पास कभी ना आ पाये
तेरे प्यार की खुशबू मेरे घर आँगन महकाये
कर लेना मेरे हमदम तुम मेरे नाम की श्रृंगार
डाल दो मेरे गले में अब प्रेम प्रीत की ये हार

तेरे बिना ये रात सूनी सुनी सी है अंधियारी
तन्हा की काली अमावश है यहाँ बड़ी भारी
कर दो मेरी सूनी जीवन को अब उजियार
मेरे मन की आरजू को तुम कर दो साकार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# शिक्षा को हिंसक नहीं, संवेदनशील बनाना होगा









ललित गर्ग

देश में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है।

लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या “कुछ बनने” का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है।

भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एन्टरेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है। कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में हर वर्ष आत्महत्या की खबरें सामने आती हैं। कोटा देश की कोचिंग राजधानी कही जाती है, जहां हजारों छात्र सपने लेकर पहुंचते हैं। लेकिन उन्हीं सपनों का बोझ कई बार उनके जीवन से भारी पड़ जाता है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का परिणाम है जिसमें प्रतियोगिता सहयोग से अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है। लखनऊ की घटना में एक और तथ्य उल्लेखनीय है-आरोपी छात्र की मां का निधन हो चुका था। घर में चाचा-चाची मौजूद थे, लेकिन क्या उस युवक की मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया गया? क्या उसके भीतर के तनाव, अकेलेपन और भय को किसी ने सुना? यदि परिवार में नियमित संवाद होता, यदि मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता जितनी अंकों को, तो शायद यह भयावह वारदात टाली जा सकती थी।

आज समस्या केवल आत्महत्या तक सीमित नहीं है। बच्चे हिंसक भी हो रहे हैं। यह हिंसा बाहरी नहीं, भीतर से उपज रही है-कुंठा, अपमानबोध, तुलना और असफलता के भय से। जब बच्चे को यह महसूस होने लगे कि वह केवल एक “प्रोजेक्ट” है, एक “इन्वेस्टमेंट” है, जिसे किसी निश्चित पेशे में ढालना है, तब उसकी स्वतंत्र पहचान कुचल जाती है। वह या तो भीतर ही भीतर टूट जाता है या विस्फोट कर देता है। शिक्षा का उद्देश्य जीवनदायिनी होना चाहिए-विवेक, संवेदना और आत्मविश्वास का विकास करना चाहिए। लेकिन जब शिक्षा केवल प्रतिस्पर्धा और रैंकिंग का माध्यम बन जाए, तो वह तनाव और हिंसा को जन्म देती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकता, और न ही बनना चाहिए। विविध प्रतिभाओं को सम्मान देने वाली सामाजिक मानसिकता विकसित किए बिना यह संकट कम नहीं होगा। इस संदर्भ में तीन स्तरों पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। पहला, परिवार। माता-पिता को यह समझना होगा कि अपेक्षा और दबाव में अंतर है। अपेक्षा प्रेरणा देती है, दबाव भय पैदा करता है। बच्चों के साथ खुला संवाद, उनकी रुचियों को समझना, असफलता को स्वीकार्य बनाना और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। “तुम्हें डॉक्टर बनना ही है” की जगह “तुम जो बनना चाहो, हम साथ हैं” जैसी सोच विकसित करनी होगी। दूसरा, शिक्षा संस्थान। स्कूल और कोचिंग संस्थानों को केवल परिणाम देने वाली मशीन नहीं, बल्कि संवेदनशील संस्थान बनना होगा। नियमित काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं और परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न न बनाने की संस्कृति विकसित करनी होगी। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की मानसिक दशा पहचानने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। तीसरा, सरकार और समाज। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और कलंकमुक्त बनाना होगा। परीक्षा प्रणाली में सुधार, वैकल्पिक करियर मार्गों को बढ़ावा, और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देना समय की मांग है। मीडिया को भी सनसनी की बजाय संवेदनशील रिपोर्टिंग करनी चाहिए।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इन घटनाओं को सामान्य न मानें। हर आत्महत्या और हर हिंसक घटना हमारे सामाजिक ताने-बाने में दरार का संकेत है। यदि हम इसे केवल “व्यक्तिगत मामला” कहकर टाल देंगे, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी। लखनऊ की घटना हमें झकझोरती है। यह बताती है कि शिक्षा का दबाव, पारिवारिक संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा मिलकर कितनी भयावह परिणति ला सकती है। अब समय है कि हम सामूहिक आत्ममंथन करें। शिक्षा को जीवन का उत्सव बनाएं, न कि भय का कारण। बच्चों को लक्ष्य दें, लेकिन उनके पंख न काटें।

सपने दिखाएं, पर उन्हें सांस लेने की जगह भी दें। जब तक हम सफलता की परिभाषा को व्यापक नहीं करेंगे और बच्चों को अंक से अधिक मनुष्य मानना नहीं सीखेंगे, तब तक यह संकट बना रहेगा। परीक्षा का मौसम हर साल आएगा, लेकिन यदि हम संवेदनशील समाज बन सके, तो शायद अगली पीढ़ी के लिए यह मौसम भय का नहीं, आत्मविश्वास का प्रतीक बन सकेगा।

# पर्यावरण सुधारने से बचेगी चारोंधाम की पवित्रता और अस्तित्व



साल 2013 में केदारनाथ में भयंकर विनाशकारी आपदा आई थी। केदारनाथ आपदा में 4400 से अधिक लोग मारे गए। 7 फरवरी 2022 को धौली और ऋषि गंगा का ऐसा सैलाब आया, जिसमें सैकड़ों जिंदगियां दफ्न हो गई थी। इस आपदा ने न सिर्फ 204 लोगों की जान ले ली, बल्कि अपने रास्ते में आने वाले सभी बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया।

बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने कहा है कि उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले 47 प्रमुख मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के प्रस्ताव में जैन, सिख और बौद्ध समुदायों को छूट दी जाएगी। समिति की तरफ से कहा गया है कि मामला किसी विशेष धर्म का नहीं, बल्कि आस्था और धार्मिक अनुशासन का है, जो भी सनातन धर्म में आस्था रखता है, उसके लिए बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के द्वार खुले हैं। उसके पवित्र स्थलों की मूल प्रकृति को बनाए रखने के लिए सख्त कदम जरूरी है। प्रस्ताव का यह प्रतिबंध केवल मुस्लिम और ईसाई समुदाय पर लागू होगा। जैन, सिख और बौद्ध समुदाय को छूट देने के पीछे तर्क दिया गया है कि अनुच्छेद 25 के तहत इन्हें हिन्दू परंपरा के अंतगर्त माना गया है। इस प्रस्ताव को जनवरी के अंत या फरवरी की शुरूआत में होने वाली बोर्ड बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

सवाल यही है कि सिर्फ मुस्लिम और ईसाइयों को बाहर रखने से ही क्या मंदिरों की पवित्रता बची रहेगी। क्या यही असली चुनौती है। चारो धाम पर जो पर्यावरण का खतरा सिर पर मंडरा रहा है, उससे पवित्रता खतरे में नहीं है। हिन्दुओ के चार वेद एवं 18 पुराणों में से एक प्रमुख स्कंद पुराण में की गई भविष्यवाणी के अनुसार कलियुग के हजारों वर्षों बाद और इसके अंत से पूर्व केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम जैसे प्रमुख तीर्थ स्थल अदृश्य हो जाएंगे या नष्ट हो जाएंगे। इस भविष्यवाणी का तात्पर्य यह बिल्कुल नहीं है की कोई शक्ति जाकर इन मंदिरों को तोड़ देगी या नष्ट कर देगी। बल्कि स्कंद पुराण के अनुसार कलियुग के अंत में जब धर्म का पतन अपने चरम पर होगा, तब यह दिव्यस्थल अपनी आध्यात्मिक शक्ति को समेट लेंगे और अदृश्य या भक्तों की पहुंच से दूर हो जाएंगे। उपरोक्त भविष्यवाणी यह चेतावनी है कि कलियुग में हमें धर्म का पालन करना चाहिए, ताकि कलयुग में पवित्र स्थल और उनकी कृपा हम पर बनी रहे। साल 2013 में केदारनाथ में भीषण आपदा को भी कुछ लोग इस भविष्यवाणी की झलक मानते हैं। 15 जून 2025 को रुद्र प्रयाग में एक हेलिकाप्टर दुर्घटना ग्रस्त हो गया है। जिसमें सवार सभी तीर्थ यात्रियों के मृत्यु हो गई। कुछ लोग इसे वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार आधुनिक दृष्टिकोण के रूप में प्रतीकात्मक मानते हैं कि अगर हम पर्यावरण का नाश करेंगे तो धर्म हमसे दूर होता चला जाएगा। मौजूदा दौर में प्राकृतिक आपदाएं या सामाजिक पतन की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। ये इस बात का संकेत है कि इस पूरे क्षेत्र में दशकों से चले आ रहे प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने हालात बिगाड़ दिए हैं। इसके बावजूद जितनी गंभीरता से पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, वे ऊट के मुंह में जीरे के समान है। साल 2013 में केदारनाथ में भयंकर विनाशकारी आपदा आई थी। केदारनाथ आपदा में 4400 से अधिक लोग मारे गए। 7 फरवरी 2022 को धौली और ऋषि गंगा का ऐसा सैलाब आया, जिसमें सैकड़ों जिंदगियां दफ्न हो गई थी। इस आपदा ने न सिर्फ 204 लोगों की जान ले ली, बल्कि अपने रास्ते में आने वाले सभी बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया। आपदा में करीब 1,625 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है। वर्ष 2025 में 51 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए, जो पिछले साल अर्थात 2024 की तुलना में 4 लाख 35 हजार अधिक है। केदारनाथ यात्रा के दौरान डेढ़ से 2 टन कचरा रोजाना उत्पन्न होता है। वर्ष 2025 की यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम में रिकॉर्ड 17.68 लाख भक्तों ने लगभग कुल 2300 टन से अधिक कचरा फैलाया है, जिसमें 100 टन प्लास्टिक शामिल है। हिमालयी क्षेत्र में कूड़ा जलाने पर बैन होने के कारण, इस मलबे को खच्चरों द्वारा सोनप्रयाग नीचे लाने में ?25 करोड़ से अधिक की लागत आ रही है। यह कचरा पिछले साल की तुलना में 325 टन अधिक है। जिसमें 2200 टन ठोस कचरा और लगभग 100 टन प्लास्टिक शामिल है। हर तीर्थयात्री ने औसतन 1.5 किलो से ज्यादा कचरा छोड़ा। भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। यह कचरा 23 अक्टूबर 2025 को कपाट बंद होने के बाद सफाई अभियान के दौरान गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच मिला। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान, अल्मोड़ा और उत्तराखंड औद्योगिक एवं वानिकी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक चारधाम में बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ ग्रीष्मकालीन के साथ ही शीतकालीन गतिविधियों को भी प्रभावित कर रही है। ऐसे में ग्लेशियरों के पीछे खिसकने की वजह से भूस्खलन हिमस्खलन चट्टानों के गिरने समेत खतरों को बढ़ा रहा है। यही नहीं, ग्लेशियर के पीछे हटने से हैकिंग ट्रेल्स और पर्वतारोहण मार्गों में भी बदलाव आ रहे हैं। लिहाजा, चारधाम में बढ़ रही भक्तों की भीड़ की वजह से पर्वतीय पर्यटन पर प्रभाव पड़ रहा है। मुख्य रूप से, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने की वजह से चारधाम यानी बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के समीप मौजूद ग्लेशियर न सिर्फ तेजी से पिघल रहे हैं बल्कि सालाना धामों के तापमान भी 0.02 से 0.05 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो रही है। दिसंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि पर अतिक्रमण का स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा था कि राज्य तंत्र की विफलता के कारण ₹23 साल लग गए₹ और अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी शांत बने रहे। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण और कॉर्बेट नेशनल पार्क में अवैध निर्माण/पेड़ों की कटाई पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को ₹मूकदर्शक₹ बने रहने के लिए कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने, जांच के लिए समिति गठित करने और पारिस्थितिक नुकसान की भरपाई करने के निर्देश दिए थे। उत्तराखंड में हजारों हेक्टेयर वन भूमि पर अवैध कब्जे.के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य में कार्यकारी पद पर आसीन प्रत्येक व्यक्ति इस लापरवाही के लिए जवाबदेह है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को फटकार लगाते हुए पूछा कि आपको अवैध कब्जे का पता लगाने में 23 साल का समय लग गया। सुप्रीम कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उत्तराखंड सरकार को पर्यावरण बचाने की कितनी चिंता है, इसके विपरीत धार्मिक भावनाओं को भुनाने के लिए पवित्रता बचाने की कवायद की जा रही है। उत्तराखंड में मानवीय गतिविधियों के विस्फोट से ये भयावह हालात पैदा हुए हैं। व्यवसायिक गतिविधियों के लालच ने उत्तराखंड को विनाश के कगार पर धकेला है। इंसानों द्वारा प्रकृति को दिए गए घावों से उत्तराखंड कराह रहा है। हालात ये हैं कि पर्यटन और धार्मिक आस्था के नाम पर उत्तराखंड पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। देवताओं का निवास माने जाने वाला यह प्रदेश इस दबाव को सहन करने की शक्ति खोता चला रहा है। उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है।

उत्तराखंड के चारधामों में क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं का आना हिमालय की पारिस्थितिकी और पर्यावरण के लिए भविष्य में खतरा बन सकते हैं। बड़ा सवाल यही है कि स्कंद पुराण की भविष्यवाणी के मुताबिक उत्तराखंड के तीर्थस्थल हीं नहीं रहेंगे तो पवित्रता का क्या होगा। पर्यावरण बर्बाद होने के कारण ऐसे हालात बनते दिखाई दे रहे हैं। बेहतर यही है कि धर्म के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश के बजाए उत्तराखंड की वास्तविक चुनौतियों का समाधान ढूंढा जाए।

# बृषभान नंदिनी के यहां तड़ातड़ चली प्रेम से पगी लाठियां

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया



**मथुरा/बरसाना**। सब जग होरी , ब्रज में होरा की कहावत पुनः ब्रज में चरितार्थ हो गई । कहावत है कि ब्रज की होली देखने को देवता गण भी तरसते हैं ।बताते हैं कि ब्रज की होली को देखने के लिए आकाश मार्ग से देवगण बरसाना में होली देख रहे थे। तभी तो धरती पर राधा जी की तड़ा तड़ लाठियों राधा जी की सहेलियां हुरियारिनें हाथों में चमचमाती लाठियां लिए घूंघट की ओट से हुरियारों पर प्रहार कर रही हैं।हुरियारे अपनी ढालों पर इन प्रहारों को झेल रहे हैं। स्त्री आज उन्मुक्त है और पुरुष रक्षा आवरण के होते हुए भी असहाय है। पुरुष का नारी शक्ति के सामने समर्पण और प्रतिकार न कर पाने का यह दृश्य दुनिया को संदेश दे रहा है नारी तत्व की प्रधानता का। यह कि संसार मातृत्व शक्ति से संचालित है।इस दृश्य को देखने के लिए लाखों का जनसैलाब उमडा हुआ है। बुधवार सुबह से ही समूची राधा नगरी उत्साह और उल्लास से लबरेज दिखी। देश दुनिया में विख्यात लठामार रंगीली होली का आनंद उठाने को लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड आए। कस्बे की हर एक गली श्रद्धालुओं के आवागमन की चहल पहल की गवाह बनी। बालक, युवा और वृद्ध सभी का जोश देखते ही बन रहा था। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गहवर वन की परिक्रमा लगाना शुरू कर दिया। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु जोश व मस्ती से नाचते कूदते होली के भजन गाते चल रहे थे। श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कस्बे की गलियों में खडे स्थानीय लोगों ने परिक्रमा लगा रहे श्रद्धालुओं पर गुलाल और रंग की बारिश की। श्यामा श्याम मंदिर, गोपाल जी मंदिर, राम मंदिर, सांकरी खोर, विलास गढ, गह्वर वन, रस मंदिर, मोर कुटी, राधा सरोवर, मान गढ, दानगढ और कुशल बिहारी मंदिर से होते हुए परिक्रमार्थी लाडिली जी के मंदिर में पहुंचे। मंदिर में लोगों ने राधा रानी के चरणों में गुलाल भेंट किया। हुरियारिनें सुबह से ही होली की तैयारियों में जुटी हैं। हुरियारिनों का उत्साह देखते ही बन रहा है। आखिर साल भर जिस दिन का इंतजार रहता है वो आ पहुंचा है। राधा रानी की लीलाओं में सहभागिता करने का मौका जो मिला है। खुद के भाग्य सराहती हुरियारिनें अपनी परंपरागत पोशाक लंहगा चूनरी को पहन कर तैयार हो रही हैं। कान्हा के सखा होली खेलने आते ही होंगे। दोपहर करीब दो बजे नंदगांव से हुरियारों के टोल के टोल आने शुरू हो गए। हुरियारों की जोश और उमंग देखते ही बन रही है। धोती और बगलबंदी पहने हुरियारे कंधे पर ढाल रखे हुए हैं। नंद भवन से कान्हा की प्रतीक ध्वजा के पीछे- पीछे हुरियारे झूमते गाते चले आ रहे है। मुख पर पसीना है लेकिन थकान नहीं है। बरसाना में पहुंचते ही प्रिया कुंड पर सब इकठ्ठे हो गए हैं। बरसाना के गोस्वामी समाज के मुखिया रामभरोसे गोस्वामी के नेतृत्व में हजारों बरसानावासी उनके स्वागत को जा पहुंचे हैं। भांग की ठंडाई में केवडा, गुलाबजल ओर मेवा घोल कर हुरियारों को पिलाई जा रही है। जो कभी भांग नहीं पीता वो हुरियारा भी आज भांग पिये बिना रह नहीं पाता। यहा पर हुरियारों ने अपने सिरों पर पाग बांधी हैं। प्रिया कुंड के घाटों पर सैकडों हुरियारे एक दूसरे के पाग बांध रहे हैं। जो छोटे बच्चे पहली बार होली खेलने आए हैं उनके पिता या दादा उनकी पाग बांध रहे है। ऐसा लग रहा है कि हुरियारा बनने की परंपरा का अगली पीढी को उत्तराधिकार दिया जा रहा है। प्रिया कुंड पर पाग बांधने के बाद हुरियारे लाडिली जी मंदिर की ओर चल दिए है। दरसन दे निकरि अटा में ते दरसन दे गाते हुए हुरियारे मंदिर में प्रवेश कर गए। कान्हा की प्रतीक ध्वजा को मंदिर में किशोरी जी के पास रख दिया जाता है। जो इस बात का प्रतीक है कि नटवर नंद किशोर फाग खेलने के लिए बरसाना आ चुके हैं।

# अखंड रामायण पाठ देता है एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश : किशन चौधरी

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। अद्धा वाले हनुमानजी मंदिर, कदमवन आश्रम, नगला झींगा (मथुरा-भरतपुर रोड, जाजनपट्टी के पास) में रामलला की पावन वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर श्री श्री 108 श्री महंत पवनदास त्यागी महाराज (महंत, अद्धा वाले हनुमान जी मंदिर) के सान्निध्य में महारुद्र अभिषेक महायज्ञ एवं त्रिदिवसीय अखण्ड रामायण पाठ का भव्य एवं दिव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का महंत पवनदास त्यागी महाराज ने पटुका पहनाकर स्वागत किया वहीं इस अवसर पर मंडल मंत्री गगन कुशवाह ने जिला पंचायत अध्यक्ष को गिर्राज महाराज की प्रतिमा भेंट करते हुए सम्मान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। प्रभु श्रीराम ने हमें सिखाया कि सत्य, मयार्दा और कर्तव्य का पालन ही सच्चा धर्म है। आज समाज अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में इस तरह के आयोजन एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में अन्नकूट महाप्रसादी की व्यवस्था प्रेम सिंह एडवोकेट, मथुरा द्वारा श्रद्धा भाव से कराई गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एमएलसी विधायक ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, चौधरी साहब पुष्पेन्द्र पहलवान, भरत सिंह (चेयरमैन, सौंख), अचल सिंह सेठ (मगोर्रा), मनोज ठाकुर (सोनोठ) सहित विभिन्न गांवों के सम्मानित सरदारी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में काली पट्टी बाँध किया काम



वेलकम इंडिया

**मथुरा**/चौमुहां। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई चौमुहां के आह्वान पर बुधवार को ब्लॉक के विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। शिक्षक संघ टीईटी की अनिवार्यता को लेकर सरकार की नीतियों का विरोध कर रहा है। ब्लॉक के अधिकांश प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष कुमार रोहताश सिंह राघव एवं ब्लॉक युवा नेता व अध्यक्ष प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने किया। शिक्षकों का कहना है कि पूर्व से कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना अनुचित है, जिससे उनके करियर और मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष रोहताश सिंह राघव ने कहा कि संगठन शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है और जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाता, विरोध जारी रहेगा। वहीं, गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने युवाओं और वरिष्ठ शिक्षकों की एकजुटता पर बल देते हुए इसे हक की लड़ाई बताया। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से हेमंत कुमार, सतीश चौधरी, राघवेंद्र सिंह सिसोदिया, उपेंद्र कुमार शर्मा, प्रताप सिंह राघव, चतुर सिंह और मेघश्याम पाठक सहित भारी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

# जल्द मांगे पूरी नही किए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

वेलकम इंडिया



**गरुड़,** दिनेश नेगी,विद्युत संविदा श्रमिक संघ गरुड़ ने बेतन वृद्धि, पांच महीने के बकाया भुगतान न होने तथा अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। श्रमिकों का आरोप है कि विभाग द्वारा उन्हें ईपीएफ और बीमा की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। साथ ही श्रम विभाग के मानकों के अनुरूप वेतन नहीं दिया जा रहा ।संविदा कर्मियों ने सभी मांगें पूरी नही होने तक धरना जारी रहने की चेतावनी दी है ।श्रमिकों ने विभाग पर नया ठेकेदार एक्ट स्पष्ट न करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विद्युत लाइन मरम्मत के दौरान यदि कोई श्रमिक चोटिल होता है तो उसकी क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी कौन लेगा, श्रमिको को श्रम विभाग और कर्मकार विभाग से दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ नही मिलने, कड़ी मेहनत के बाद भी आपात स्थिति में जान जोखिम में रखकर लगातार विद्युत व्यवस्था सुचारू करने हेतु कार्य करने के बाद भी वेतन और अन्य सुविधाओं हेतु संविदा कर्मियों को समय से लाभांश का भुगतान नही होने पर नाराजगी जताई ।संघ ने तत्काल बकाया भुगतान और पारदर्शिता की मांग की है ।धरना प्रदर्शन में संघ अध्यक्ष नारायण सिंह परिहार, उपाध्यक्ष प्रकाश खुलबे, महामंत्री चतुर सिंह भंडारी, कोषाध्यक्ष मंगल सिंह बिष्ट के अलावा रमेश राम, प्रेम बल्लभ, संकर राम, इंदर सिंह नेगी, प्रकाश राम, खीम सिंह बिष्ट, हरीश राम तथा मीटर रीडरों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जल्द मांगे नही मानी जाती है, और बकाया देयकों का भुगतान नही होता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।


# एनएसएस प्रभारी डॉ. अशोक कौशिक ने बताया श्रमदान का महत्व




वेलकम इंडिया

**मथुरा**। किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर आज साफ सफाई एवं स्वच्छता की अलख जगाते हुए गगन भेदी नारों के साथ एक जन जागृति रैली ब्लैक स्टोन गर्ल्स इंटर कॉलेज से सदर बाजार होते हुए बाल्मीकि बस्ती में साफ सफाई करते हुए, यमुना किनारे तक निकाली गई। सभी स्वयंसेवकों ने यमुना किनारे साफ सफाई एवं स्वच्छता का अभियान चलाकर पॉलिथीन एवं साफ सफाई कर श्रमदान किया। इसके बाद बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में गायत्री तपोभूमि से पधारे प्रमोद कुमार शर्मा ने सभी स्वयंसेवकों को जीवन जीने की कला बताते हुए कहा कि आपको एक समय में एक ही कार्य 100% क्षमता के साथ करना चाहिए। आधे अधूरे मन से किया गया कार्य असफलता का कारण होता है। सभी विद्यार्थियों को अपना उद्देश्य, मिशन एवं जुनून के साथ कार्य करना चाहिए जिससे जीवन के अपने-अपने क्षेत्र में सफल हो सकें।


# गायों से भरी गाड़ी पकड़ी पुलिस ने की कार्यवाही।



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर**/बुधवार देर को अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सतवरा पर गायों से भरा हुआ छोटा हाथी बंद बॉडी में ओवर लोडिंग करके जहांगीराबाद से दौलतपुर की तरफ जा रही थी ग्रामीणों ने पकड़ी गाड़ी पुलिस को दी सूचना सूचना पर पहुंची अहमदगढ़ थाना पुलिस ने तत्काल की कार्यवाही उधर कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया है कि गाड़ी को सीज कर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# सौंख के नगला सबला में लाखों की चोरी, नकदी व जेवरात पार



वेलकम इंडिया

**गोवर्धन**। सौंख देहात क्षेत्र के गांव नगला सबला में बीती देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित मकान मालिक रामेश्वर सिंह के अनुसार, रात करीब चार बजे उनकी आंख खुली तो उन्होंने देखा कि नीचे के मकान का ताला टूटा हुआ था। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियों के दरवाजे टूटे हुए थे। उन्होंने बताया कि अलमारी की जांच करने पर उसमें रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नकद सहित लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण गायब मिले। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। गांव में हुई इस चोरी की घटना से सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक उनका कोई खुलासा नहीं हो सका है। पीड़ित ने पुलिस से जल्द घटना का खुलासा करते हुए मदद की गुहार लगाई है।

# पीड़ित ने दबंगों पर दादालाई जगह पर कब्जा करने का लगाया आरोप।

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर शिकारपुर** तहसील क्षेत्र के गांव सुरजाबली में दबंगों पर जबरन घर की जगह पर कब्जा करने का लगाया आरोप। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित इंद्रजीत पुत्र राजपाल सिंह एसडीएम व सीओ को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया है कि मैं परिवार के साथ मेहनत मजदूरी करने के वास्ते हरियाणा के पलवल में रहता हूं लेकिन गांव में मेरा दादालाई जगह पर घर बना हुआ है लेकिन कुछ जगह खाली पड़ी थी जिस पर गांव के दबंग लोग कब्जा कर रहे हैं। उधर पीड़ित का आरोप है कि हमारी जगह पर लेखपाल कानूनगो और थाना पुलिस से साठगांठ के चलते हुए उक्त जगह पर जबरन कब्जा कराया जा रहा है ।वही पीड़ित ने तहसील में मौजूद पत्रकारों को बताया है कि पुलिस ने पीड़ित परिवार को थाने में बैठाकर बाउंड्री लगवाई है। वही पीड़ित के पिता का शांतिभंग में पुलिस द्वारा चालान किया गया है और एसडीएम न्यायालय से उनकी जमानत हुई है। बुधवार को पीड़ित ने एसडीएम एवं सीओ के दरबार में न्याय पाने की लगाई गुहार। उधर इस संबंध में एसडीएम से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़ित द्वारा एक शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है जिस पर मैंने शनिवार को पहासू थाना समाधान दिवस में दोनों पक्षों का जांच कर समाधान कराने को कहा है।

# साहब मरीजों को ढोते कमर कंधे गए तक, कब बनेगी बताओ सड़क

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,**गोविन्द मेहता, बागेश्वर-पिथौरागढ़ जिले की सीमा पर सरयू नदी तट के समीप बसे साता प्यारा गांव के लोगों को गांव तक कब बनेगी सड़क इसका बेसब्री से इंतजार है,सिमतोली ग्राम पंचायत के आठ वर्ष पूर्व आमरण अनशन करने के बाद भी जल्द सड़क बनाने के आश्वासन के बाद गांव वालों के लिए सड़क अब तक सपना बनकर रह गया है। नेताओं और जिला प्रशासन द्वारा गांव के लिए जल्द सड़क बनाए जाने का दावा वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। सड़क के अभाव में आज भी लोग मीलों पैदल चलने को मजबूर हैं। साता गांव की एक महिला बीमार हो गई है। उसके पेट में तेज दर्द होने लगा। ग्रामीण उसे चार किमीउबड़ खाबड़ मार्ग से डोली द्वारा सड़क तक लाए। यहां से वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद उसके हालत में सुधार हुआ है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क नहीं बनने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी है।

साता निवासी 29 साल की पूजा देवी का स्वास्थ्य बिगड़ गया ।जिसजे बाद परिजनों और ग्रामीणों ने महिला को डोली में बैठाकर चार किमी तक पैदल लाए। यहां से वाहन के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के लिए उन्होंने 2018 में दस दिन का आंदोलन किया। तब कैबिनेट मंत्री रहे स्व. चंदन राम दास ने सड़क बनाने का आश्वासन दिया, लेकिन आठ साल बीत जाने के बाद भी सड़क नहीं बन पाई है। सड़क के अभाव में उन्हें आज भी मीलों पैदल चलना पड़ रहा है ।गांव के बुजुर्ग तथा बीमार लोगों को सड़क तक लाना किसी चुनौती से कम नहीं है। पलायन के चलते गांव में युवा नहीं है ।सड़क तक मरीजों को पहुंचाने के लिए जैसे तैसे डोली पहुंचाने हेतु लोगों को एकत्रित किया जाता है, मरीज को सड़क तक लाने ले जाने में डोली ले जाने वाले खुद अस्वस्थ हो जाते है, कमर और कंधे में दर्द से लोगों की दिनचर्या खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लिएआमरण अनशन के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व चंदन राम दास द्वारा ग्रामीणों को जल्द सड़क सुविधा का लाभ दिलाने का वायदा किया गया ।जिसके बाद लोनिवि ने सर्वे की, लेकिन तब वन भूमि का मामला होने के चलते देरी होने की बात कही गई ।और शीघ्र फारेस्ट क्लियरेंस मिलने पर सड़क निर्माण करने का आश्वासन मिला, जब सभी आपत्तियों का निराकरण कर लिया गया है, उसके बाद भी ग्रामीणों को गांव तक सड़क बनने का इंतजार है ।लोनीवि के बाद अब पीएमजीएसवाई ने सर्वे की है। फोरेस्ट क्लीरियंस हो गया है। इसके बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ है। सिमतोली ग्राम प्रधान दीपा देवी, दरवान सिंह मेहता, पूर्व प्रधान आनंद सिंह मेहता, पूर्व सैनिक शोभन सिंह असवाल, दिनेश असवाल, भूपेश असवाल, राजेंद्र सिंह,हेमा देवी, कमला देवी,आदि ने जल्द गांव तक सड़क नहीं बनने पर पुनः आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क केहोली के बाद इसके लिए रणनीति बनाई जाएगी।

साता-प्यारा के ग्रामीण कई किमी.

चनबोडी से सिमतोली साता प्यारा के लिए अब तक सड़क नही बन पाने से ग्रामीण कई किमी दूर से सड़क तक डोली से मरीजों को ले जाने को मजबूर हैं। सड़क सुविधा नही होने से कई बार मरीजों को समय से अस्पताल नही पहुंचा पाने से मरीजों की आधे रास्ते मे ही मौत हो जाती है ।ग्रामीणों ने सड़क के लिए आमरण अनशन करने के बाद जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन मिलने के बाद भी कई वर्ष बीतने के बाद भी गांव के लिए सड़क निर्माण नही होने पर नाराजगी जताई है ।ग्रामीणों ने जल्द गांव के लिए सड़क नही बनाए जाने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी दी है ।सिमतोली ग्राम प्रधान सरिता देवी, प्रधान पति दरवान सिंह मेहता, पूर्व प्रधान आनंद सिंह मेहता, पूर्व सैनिक शोभन सिंह असवाल, दिनेश असवाल, भूपेश असवाल, राजेन्द्र सिंह आदि ने जल्द गांव तक सड़क निर्माण हेतु कार्य शुरू नही करने पर गांव में ही पुनः आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है ।वही क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास ने कहा कि गांव को सड़क से जोड़ने हेतु लगातार प्रयास है,फारेस्ट क्लियरेंस के चलते सड़क निर्माण नही हो पाया था, अब स्वीकृति मिल गई है, जल्द सड़क निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था पीएमजीएसवाई द्वारा इसका टेंडर कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# जिले में मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग अंतर्गत मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जीएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर एवं विधायक धौलाना धर्मेश तोमर अन्य अतिथि जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी मोहन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हापुड़, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा दिनेश यादव, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के चेयरमैन राकेश सिंघल, प्रबंधक आयुष सिंघल, प्रधानाचार्य निधि मलिक, जेएमएस के डायरेक्टर सुभाष गौतम, मंडल के विभिन्न जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारीगण उपस्थित थे। अतिथि देवकरणों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ रितु तोमर द्वारा अतिथि गणों को स्वागत रूप में पौधा और बुके देकर सम्मानित किया गया। मार्च पास्ट के पश्चात सहायक शिक्षा निदेशक मेरठ मंडल द्वारा खेलकूद के प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण करा कर एवं मंडलीय खेलों के ध्वज को फहरा कर मैदान पर कार्यक्रम का आगाज कराया गया। खेल प्रतियोगिताओं में सबसे पहले 50 मी० बालिका दौड़ कराई गई। अपने अपने जिलों में प्रथम तीन स्थान पर रहे प्रतिभागियों द्वारा मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया।मंडल में पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग किया जाएगा। अलग-अलग जिलों से आए जिला व्यायाम शिक्षक ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों द्वारा मैदान पर रहकर अलग-अलग प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया गया। मण्डल स्तरीय खेलों के पहले दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं कबड्डी कुश्ती वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं कराई गई। विभिन्न विद्यालयों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ द्वारा बताया गया कि इस बार कार्यक्रम की मेजबानी जनपद हापुड़ को मिली जिसके लिए सुनियोजित तरीके से रणनीति बनाकर मंडल स्तरीय खेलों को कराया जाएगा। धौलाना विधायक धर्मेश तोमर द्वारा बच्चों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए जनपद के शिक्षकों द्वारा अलग-अलग समितियों के माध्यम से दायित्वों का निर्वहन करते हुए विभिन्न इवेंट्स कराए गए। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी देशराज वत्स, सर्वेश कुमार, मनोज गुप्ता, योगेश गुप्ता, पंकज चतुर्वेदी एवं जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा, आशा कुमारी द्वारा मंच और अन्य व्यवस्थाएं कराई गई। ब्लॉक पीटीआई, खेल अनुदेशक द्वारा रेफरी के रूप में निर्णय को घोषित कराया गया। कार्यक्रम में संजय शर्मा, अंजू आजाद, पूनम द्वारा मंच संचालन किया गया। प्रतियोगिताओं में संदीप सिरोही, अनुज शर्मा, विशाल कुमार, अखिलेश, प्रवीण शर्मा, भावना शर्मा, रेनू सिंह, मीनाक्षी, भारत शर्मा, सतेंद्र कुमार, अंजू तोमर, नीलाक्षी राजेंद्र यादव मीनू पाल।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ एवम फील्ड में जाकर जांचा काय



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद में भारत सरकार के द्वारा आयोजित टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यक्रम की प्रगति जानने के लिए के लिए राज्य स्तर से स्टेट टी0 बी0 सैल के द्वारा नामित आनंद तिवारी राज्य ए0सी0एस0एम0 ऑफिसर द्वारा जनपद का भ्रमण किया गया आनन्द तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ पर एवं मरीजों के घर पर जाकर कार्यक्रम की जमीनी हकीकत जानी उसके बाद जनपद मुख्यालय पर क्षय रोग विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की एवं कार्यक्रम की प्रगति के लिए आवश्यक सुझाव दिए इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह द्वारा समस्त विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई एवं स्टाफ को कार्यक्रम को उच्च गुणवत्ता पूर्वक बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए इस अवसर पर उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 कृष्ण कुमार शर्मा जिला कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर दीपक शर्मा जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी मनोज कुमार गौतम आदि उपस्थित रहे।

# नगर व क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रहे हैं नकली मावे और पाउडर से बने रसगुल्ले और मिठाइयां





**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** किरतपुर नगर एवं क्षेत्र में पिछले काफी समय से नकली मावे और पाउडर से बनी मिठाइयों का प्रयोग काफी मात्रा में किया जा रहा है। जो दुकानदार और फैक्टरी संचालक लोगों के स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए मोटे मुनाफा लेकर सस्ते दामों पर मिठाइयां बेची जा रही है। जो काफी मात्रा में मुस्लिम फंड के आसपास की दुकानों पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिस कारण हमारा क्षेत्र रसगुल्ला मंडी को लेकर नाम चिन होता नजर आ रहा है। पहले भी त्योहार के मध्य नजर खाद्य विभाग की टीम द्वारा कई बार मिठाइयों की दुकान से और रसगुल्ले की फैक्ट्री से नमूने लिए जा चुके हैं। परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती मात्र कार्रवाई के नाम पर सैंपल ले लिए जाते हैं। जो बाद में कागजी कार्यवाही के बाद मामले को सस्ते में ही निपटा दिया जाता है त्योहारों पर शादी समारोह में एवं अन्य प्रकार के आयोजनो में सस्ते दामों पर मोटा मुनाफा लेकर मिठाइयां उपलब्ध करा दी जाती हैं और लोगों के स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए जनता की जान जोखिम में डाल दी जाती है। जबकि क्षेत्र एवं नगर के कुछ लोगों का कहना है कि कई बार खाद्य विभाग की टीम को इस मामले से अवगत करा दिया गया है परंतु कोई ठोस कार्यवाही होती नजर नहीं आ रही है। जिस कारण ऐसे नकली मावे और पाउडर से बनी मिठाइयों को बेचने वालों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। रमजान के महीने में भी फैन सिवये रस और मिठाइयां बनाने वाले कई दुकानदारों और फैक्टरी संचालकों- कई मिठाइयों की दुकानों पर लगा रहता है गंदगी का अंबार के पास ना तो कोई खाद्य विभाग का मानक होता है और ना ही कोई परमिशन वह फिर भी अपने इस अवैध कारोबार को पूरी तरीके से करने में लगे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर खाद्य विभाग के अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि वह आगामी त्योहारों को देखते हुए ऐसे नकली मावे और पाउडर से मिठाई बनाने वाले वह बिना परमिशन एवं बिना किसी मानक के मिठाई तैयार करने वाले दुकानदारों और फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ समय-समय पर छापेमारी करके ठोस कार्रवाई करेंगे वह ऐसे किसी भी दुकानदार या फैक्ट्री संचालक को जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं करने देंगे।

# बिजनौर में उद्योग, रोजगार और विकास को नई रफ्तार जनपद में योजनाओं का असर दिखने लगा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**बिजनौर** जनपद में औद्योगिक विकास, स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर माहौल तेजी से सकारात्मक होता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में जिला उद्योग अधिकारी अमित चौधरी और अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एडवोकेट के बीच हुई महत्वपूर्ण मुलाकात ने विकास को नई दिशा देने का संदेश दिया।बैठक के दौरान शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहकर हर जरूरतमंद तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि ‌‌उद्योग ही रोजगार की कुंजी है‌ और जनपद बिजनौर में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा की कि योजनाओं में पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता का विश्वास और मजबूत हो। इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष बिजनौर किशोर कुमार, मंडल अध्यक्ष जकी-उल-नासिर एवं सुशील कुमार भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जनपद के विकास के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय बेहद आवश्यक है जिला उद्योग अधिकारी अमित चौधरी ने स्पष्ट किया कि जनपद बिजनौर में हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए विभाग पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ‌हर पैरामीटर पर पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य हो रहा है‌ और उद्योगों का विस्तार उनकी प्राथमिकता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने आगे बताया कि नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने, आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाया जा रहा है इसका सीधा लाभ जनपद की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास पर दिखाई दे रहा है बैठक में यह भी उभरकर सामने आया कि अपना दल (एस) की बढ़ती सक्रियता और जमीनी पकड़ के कारण योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक तेजी से पहुँच रही है, जिससे लोगों को समय पर लाभ मिल रहा है जनपद बिजनौर में विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता की यह पहल आने वाले समय में एक मजबूत और समृद्ध भविष्य की नींव रखती नजर आ रही है।

# बालवाटिका-1 के क्लास शो में नन्हें बच्चों ने जीता दिल



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर** 24 फरवरी 2026 को मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के विंग में बालवाटिका-1 का क्लास शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने दीप प्रज्वलन कर किया।नन्हें विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस, योगा, फैंसी ड्रेस, कविताएं, इंग्लिश कविता, कहानी, स्केटिंग, ताइक्वांडो सहित अनेक आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए।डॉ. सीमा विश्वास ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने में सहायक होते हैं। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों की मांग की।कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# रमजान में इंसानियत की मिसाल जरूरतमंदों तक पहुँची राहत




**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

**आगरा** में गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन* (जीएनआरएफ), आगरा द्वारा रमजान के पवित्र माह में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद और गरीब परिवारों के बीच रमजान राशन किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर रोजेदार परिवारों को आटा, चावल, दाल, तेल, चीनी सहित आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें सहरी और इफ्तार में काफी राहत मिली। कई परिवारों ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए इसे मानवता की सच्ची सेवा बताया। संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष एडवोकेट हाजी शानू कुरैशी ने कहा कि जीएनआरएफ हमेशा समाज के कमजोर वर्ग के साथ खड़ी है और आगे भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रहेंगे। इस कार्यक्रम में रजा खान, फैजल, शाहरुख सहित अन्य कार्यकताओं ने भी सक्रिय सहयोग दिया। संस्था ने सभी दानदाताओं और स्वयंसेवकों का दिल से धन्यवाद किया।

# अमृत पानी मेगा इवेंट का किया आयोजन किसानों को सिखाएं प्राकृतिक खेती के गुण

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर।** विकास खंड नूरपुर के ग्राम नंगली जाजू में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया की टीम द्वारा अमृत पानी मेगा इवेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को कम लागत में रसायनों का प्रयोग घटाकर बेहतर उत्पादन और मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था कार्यक्रम में कृषि विभाग से कृषि सहायक अमित कुमार, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, ऑर्गेनिक एफपीओ की एमडी हितेश चौधरी, और डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ इंडिया के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज कुमार व कपिल सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में नंगली जाजू, नंगली पथवारी, कासमपुर टांडा और मुबारकपुर नवादा आदि ग्रामों के सैकड़ों किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों को अमृत पानी, जीवामृत और घन जीवामृत बनाने व उनके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई ।कार्यक्रम के दौरान 20 किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच की गई और गांव में 30 अमृत पानी प्रोडक्शन सेंटर भी स्थापित कराए गए। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया की टीम के प्रयासों की सराहना की गई।

# सीएम योगी से मिले प्रवीण गंभीर, श्रीराम गंभीर कस्तूरी लाल अब्बी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज का मामला उठाया

**वेलकम इंडिया महमूद**



**जनपद बिजनौर** श्रीराम गंभीर कस्तूरी लाल अब्बी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ग्राम बल्दिया में कथित वित्तीय अनियमितताओं और अवैध कब्जे के मामले को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नगर के एक प्रमुख व्यवसायी प्रवीण गंभीर ने पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर श्रीराम गंभीर कस्तूरी लाल अब्बी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज से जुड़े कथित अनियमितताओं के प्रकरण से अवगत कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर में कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर संस्थान के संचालन में हस्तक्षेप किया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रवीण गंभीर ने मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया कि कॉलेज प्रबंधन से जुड़े कुछ लोगों पर प्रवेश प्रक्रिया में अनियमितता बरतने तथा विभिन्न मदों में करोड़ों रुपये की कथित वित्तीय गड़बड़ी के आरोप हैं। उनका कहना है कि इन मामलों को लेकर पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि मामले में न्यायालय द्वारा दिए गए निदेर्शों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई न होने से असंतोष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन दिया और कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता सिद्ध होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में कॉलेज की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा तेज हो गई है और अब सभी की निगाहें प्रशासनिक जांच पर टिकी हैं।

# शिविर के पांचवें दिन ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरुक करते स्वयंसेवी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में चल रहा है। शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से कहा कि यदि बेटियां साक्षर होगीं। तभी अपने अधिकारों, कर्तव्यों को भली भांति समझकर समाज निर्माण में अपने दायित्व को पूर्ण करेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की राष्ट्र निर्माण के लिए बेटियों को साक्षर जरूर करें। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। ग्राम मुस्तफाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ शिवाली राजपूत के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्राएं स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर चल रही थी। वही ग्राम सरकथल में कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा तथा विवेक कुमार के नेतृत्व में भी जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को साक्षरता का पाठ पढ़ाया।

# बिंदल शुगर मिल चांगीपुर मे विशाल कृषि यंत्र मेला एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**बिजनौर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर के परिसर में 'बसंत कालीन विशाल कृषक गोष्ठी एवं कृषि यन्त्र मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला गन्ना अधिकारी (बिजनौर) ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में क्षेत्र के 1100 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने आधुनिक तकनीक और उन्नत बीज चयन की बारीकियां सीखीं। गन्ना शोध परिषद के सहायक निदेशक वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार कपिल एवं बरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विकास मलिक ने किसानों को गन्ने की पहचान के सूक्ष्म लक्षण बताए। उन्होंने बताया कि किसान तने के रंग, जड़ क्षेत्र, मिडरीब और 'बड' (आंख) के आकार के आधार पर असली बीज की पहचान कर सकते हैं। डॉ. मलिक ने विशेष रूप से आगाह किया कि किसान सोशल मीडिया पर चल रहे भ्रामक 'फेक वीडियो' के झांसे में न आएं और केवल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रमाणित प्रजातियों का ही चयन करें। गोष्ठी में बुवाई हेतु उङ्क्ष२ 13235, 17231, 18231, 19231, उङ्क्ष 0118, उङ्क्षछह्य 16202, उङ्क्षछह्य 14201 और उङ्क्ष 98014 को सर्वश्रेष्ठ बताया गया। जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए उङ्क्षरी 13231 की सिफारिश की गई, जबकि रोगों के बढ़ते प्रकोप के कारण उङ्क्ष 0238 की बुवाई न करने की सख्त सलाह दी गई। जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल प्रबंधन को निर्देश दिए कि 'सीड ट्रैक ऐप' पर डेटा फीडिंग सुनिश्चित करें और किसानों को अग्रिम भुगतान में तेजी लाएं। उन्होंने 'लाल सड़न रोग' (फी फङ्क्ष३) के समूल नाश के लिए ट्राइकोडर्मा के नियमित प्रयोग पर जोर दिया। पंचामृत खेती और अनुदान वितरण ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने किसानों को आय दोगुनी करने हेतु 'पंचामृत खेती' (ट्रेंच विधि, सहफसली, ड्रिप सिंचाई, पेड़ी प्रबंधन और मल्चिंग) के सूत्र दिए। इस अवसर पर चीनी मिल द्वारा किसानों को भारी अनुदान पर कृषि यंत्र वितरित किए गए, 26 ट्रैक्टर 50,000 रुपए की छूट पर। 80 सबसॉइलरः 25% अनुदान पर।60 पावर स्प्रेयर 25% अनुदान पर, 50 ट्रेंच 25% अनुदान पर। साथ ही तितली हल, हैंड हो का भी वितरण किया गया। मेले का मुख्य आकर्षण प्रदर्शनी में कृषि जगत की 28 प्रतिष्ठित कंपनियों (जैसे सूमोटो, महिंद्रा, मैनकाइंड, आई.पी.एल. सिजेंटा, इफको महिंद्रा, मैसी, आयशर आदि ने अपने स्टॉल लगाए। कार्यक्रम के अंत में 'उन्नत गन्ना प्रतियोगिता' के प्रगतिशील किसान लोकेंद्र कुमार रोशननगर राजीव चौधरी हसुपुरा सहित 56 किसानों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# संस्था व मिशन शक्ति टीम द्वारा बनबासी महिलाओं में करवाया गया कबड्डी प्रतियोगिता




वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** सेवापुरी ब्लॉक के अदमापुर गांव में मंगलवार को बनबासी बस्ती में मुहीम एक सार्थक प्रयास वेलफेयर सोसायटी संस्था व मिजार्मुराद थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला कबड्डी प्रतियोगिता कराया गया ।जिसमें बनबासी समाज की वाराणसी, भदोही और मिजार्पुर की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वाराणसी, द्वितीय स्थान भदोही और तीसरे स्थान पर मिजार्पुर की महिलाएं रही ।सभी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया ।संस्था की डायरेक्टर स्वाति सिंह ने बताया कि किसी खेल प्रतियोगिता की बात आती है तो हमेशा लड़कियों के साथ खेल-प्रतियोगिता का आयोजन होता है वह भी स्कूल स्तर पर ।महिलाएं हमेशा पीछे रह जाती इसी लिए हमारी संस्था खेल प्रतियोगिता बनबासी महिलाओं के बीच करवा रही है जिससे महिलाएं आगे आकर खुलकर खेल सके ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व मिशन शक्ति प्रभारी एसआई कौशल किशोर द्वारा महिलाओं को मिशन शक्ति के प्रति जागरूक करते हुए मिशन शक्ति से जुड़ी पंपलेट वितरण किया गया ।थाना प्रभारी ने कहां की महिलाओं को खेल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने के लिया करवाया गया है ।इस अवसर पर संस्था की कोऑर्डिनेटर रेनू गुप्ता, करधना प्रधान निसार अंसारी, रविकांत, हरिराम शुक्ला मौजूद रहे।

# हाइवे के किनारे खड़ी ट्रक पर पुलिस का चला हंटर, दस ट्रकों का चालान




वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** हाइवो के किनारे अवैध रूप से खड़ी हो रही ट्रकों को लेकर मंगलवार की रात मिजार्मुराद पुलिस सड़क पर उतरी ।मिजार्मुराद थाने के क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी एसआई प्रेम कुमार द्वारा रखौना रिंग रोड के आस-पास हाइवे पर खड़ी दस ट्रकों का चालान करते हुए हिदायत दिया कि किसी भी कीमत पर ट्रक हाइवे के किनारे खड़ी नही होनी चाहिए ।वही हाइवे के किनारे स्थित चाय-पान चलाने वाले व ढाबा संचालको को सख्त चेतावनी दिये कि किसी भी हालत में वाहन खड़े नही होने चाहिए अगर कोई खड़ी वाहन से दुर्घटना हुआ तो मुकदमा लिखकर कड़ी करवाई किया जाएगा ।अभियान से ट्रक चालकों समेत ढाबों संचालको में हड़कंप मच गया।

# बैठक में सदस्यों ने उठाई अपने क्षेत्र के विकास की मांग

वेलकम इंडिया



**कपकोट,** तनुज तिरूवा,कपकोट क्षेत्र पंचायत की ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख भावना शाही की अध्यक्षता में प्रथम बैठक हुई ।बैठक में सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क तथा राशन कार्ड से नाम कट जाने के मुद्दे सदन में रखे। पंचायत प्रतिनिधियों ने गाँवो में झूलते तारों को बदलने तथा संचार सुविधा को बेहतर करने की मांग उठाई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का समाधान भी करें। सदन में 232 प्रस्ताव व सुझाव रखे गए। यहां पहुंचने पर ब्लाक प्रमुख भावना साही ने विधायक सुरेश गड़िया, दर्जा मंत्री भूपेश उपाध्याय का स्वागत किया। इसके बाद पंचातय प्रतनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षकों की कमी से कई विद्यालय जूझ रहे हैं ।नए शिक्षा सत्र में शिक्षकों की कमी पूरी करने की मांग की ।क्षेपं सदस्य वंदना ऐठानी ने क्षेत्रीय समस्याओं हेतु अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद भी उनकी समस्याओ की अनदेखी किए जाने, क्षेत्रीय जनता के विकास के मुद्दों में अनदेखी पर इसके लिए आंदोलन करने की चेतावनी दी ।कहा कि अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं के समाधान में लेटलतीफी की गई तो वे जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के खिलाफआआंदोलन को विवश होंगे, क्षेपं सदस्य सुंदर मेहरा ने कहा कि राशन कार्ड की जांच के नाम पर कई उन लोगों के नाम कट गए हैं जो गांव में रह रहे हैं। ऐसे लोगों के नाम दोबारा जोड़ने की मांग की। पिंडरी घाटी के प्रतिनिधियों ने बीएसएनएल की चलर सेवा पर नाराजगी जताई। गांव में उपभोक्ताओं को मनमाना बिजली का बिल दिया जा रहा है। ऊर्जा निगम से गांव में शिविर लगाकर बिलों को ठीक करने की मांग की। कनिष्ठ प्रमुख विक्रम खाती ने बालीघाट-धरमघर मोटर मार्ग में डामरीकरण शुरू करने की मांग उठाई। दर्जा मंत्री उपाध्याय ने कहा कि लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम चलाया है।


लोगों की समस्याओं को उनके घर में जाकर दूर करने का काम किया है। इस मौके पर जेष्ठ प्रमुख निर्मला फर्त्याल,जिला पंचायत सदस्य सुंदर गाड़िया, नीमा गड़िया, बसंती देव, सांसद प्रतिनिधि विक्रम सिंह शाही,परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, एसडीएम अनिल चन्याल, ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल पंचपाल, बीडीसी सदस्य किशोर पांडेय, ग्राम प्रधान भूपाल सिंह ऐरी, विपिन उपाध्याय आदि मौजूद रहे ।बैठक का संचालन खंड विकास अधिकारी शुभाष चंद्र लोहनी ने किया।

# शादी के जश्न के पीछे सिसकते मजदूर: मथुरा में बैंड कर्मियों का आर्थिक और मानसिक शोषण

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** ब्रज में शादियों का सीजन शुरू होते ही बैंड-बाजों की गूँज और रोशनी की चकाचौंध चारों ओर दिखाई देने लगी है। लेकिन इस चमक-धमक के पीछे उन मजदूरों का गहरा दर्द छिपा है, जो कड़ाके की ठंड में भारी लाइटें और वाद्ययंत्र अपने कंधों पर उठाए मीलों चलते हैं। जनपद मथुरा की पांचों तहसीलों में बैंड स्वामियों द्वारा श्रम कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आर्थिक शोषण*: सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के मानकों को ताक पर रखकर, इन मजदूरों को मात्र 200 से 250 रुपये दिहाड़ी पर काम कराया जा रहा है। बाल श्रम का बोलबाला*: कई बैंड दलों में 14 वर्ष से कम उम्र के मासूम बच्चे भारी भरकम लाइटें उठाए नजर आ रहे हैं, जो कानूनन अपराध है। सुरक्षा का अभावः देर रात तक जोखिम भरा काम करने के बावजूद इन श्रमिकों का न तो ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण है और न ही उन्हें कोई बीमा कवर दिया गया है। ओवरटाइम की अनदेखीः 12 से 14 घंटे लगातार काम लेने के बाद भी मजदूरों को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रशासनिक पक्ष*: इस गंभीर मामले पर सहायक श्रम आयुक्त मथुरा, एम पाल सिंह का कहना है कि– ‡मजदूरों का शोषण और बाल श्रम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग जल्द ही विशेष टीमें गठित कर बैंड स्वामियों की जांच करेगा। यदि न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान या बाल श्रम पाया जाता है, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई और भारी जुमार्ना लगाया जाएगा।

# अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का किया



(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसीः-** तेलियाबाग स्थित मीनू रेस्टोरेंट में वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह ( बग्गा ) के निर्देशन मे तेलियाबाग व्यापार समिति के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गयो बैठक मे अजीत सिंह बग्गा के नेतृत्व मे तेलियाबाग व्यापार समिति के पुनर्गठन एवं संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई तथा नए पदाधिकारियों की घोषणा की गईं बैठक में वाराणसी व्यापार मंडल के संयुक्त महामंत्री मनीष गुप्ता एवं युवा शाखा अध्यक्ष संजय गुप्ता और उड़ाका दल के अध्यक्ष सत्यप्रकाश जायसवाल,लहुराबीर महामंत्री अनुभव जायसवाल की विशेष उपस्थिति रही घोषित पदाधिकारी इस प्रकार हैं तेलियाबाग व्यापार समिति के अध्यक्ष रमेश भारद्वाज, महामंत्री शेखर शर्मा ( सिक्की ),कोषाध्यक्ष हेमंत सिंह, उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता,बंधु गुप्ता,संजय जायसवाल (लप्पू जी ),देवांश मनीष चौबे,प्रकाश मौर्य,मंटू जायसवाल संगठन मंत्री सुरेश चंद्र गुप्ता,जमाल भाई,शाहिद जमाल (पप्पू),मिडिया प्रभारी संदीप जायसवाल,मीडिया प्रभारी, महेश मौर्या प्रचार मंत्री, बबलू मौर्य सूचना मंत्री,सहायक मंत्री दिनेश जायसवाल,बबलू गुप्ता,अनुभव कुमार जायसवाल मुख्य सालाहकार,बाॅबी जायसवाल,दिलीप गुप्ता संगठन मंत्री ने लिया शपथ जिसके बाद समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर दी गयी बधाईं बैठक में व्यापारियों की एकजुटता,संगठन की मजबूती एवं व्यापार हितों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया` अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया

# मनरेगा बहाली के लिए मजदूरों ने किया पंचायत,बड़ी संख्या में मजदूर शामिल

वेलकम इंडिया




**मिजार्मुराद।** ग्राम पंचायत गौर गांव (मिजार्मुराद) में मंगलवार को मनरेगा मजदूर यूनियन द्वारा 'मनरेगा बचाओ अभियान' के तहत मजदूर पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें मजदूरों ने मनरेगा बहाली की मांग किया ।मनरेगा मजदूर यूनियन द्वारा आयोजित पंचायत में बड़ी संख्या में मजदूरों व कार्यकताओं ने भाग लिया ।कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने विकसित भारत-ग्राम-जी अधिनियम के विरोध व मनरेगा योजना के नाम में बदलाव और रोजगार गारंटी से जुड़े मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मनरेगा से संबंधित प्रस्तावित बदलावों और विधेयक को वापस लेने की मांग की। कार्यकताओं ने सरकार पर मजदूरों और गरीब वर्ग के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया ।यूनियन की रेनू ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीबों के लिए जीवनरेखा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसमें किसी भी प्रकार का बदलाव मजदूरों के हितों के खिलाफ होगा। उन्होंने सरकार से मनरेगा की मूल भावना को बरकरार रखते हुए श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने की मांग की ।कार्यक्रम के अंत में यूनियन के कार्यकताओं व मजदूरों ने मनरेगा बचाने के संकल्प के साथ इस आंदोलन को आगे बढ़ाने का ऐलान किया ।पंचायत में रेनू, अनिल, पूजा, मुश्तफा, कविता, उषा, किरण, सावित्री ,राधा, चमेला, सरोजा, शीला, चंद्रावती, मीना,बराधिका, नगीना, हिरावती, शांति, कान्ति, सीता, सीतला, पार्वती, दुलारी साहित सैकड़ों मजदूर शामिल हुए।

# यूजीसी के विरोध में शिक्षा स्वाभिमान यात्रा छात्रों के भविष्य के लिए सड़कों पर उतरा काशी

वेलकम इंडिया




**वाराणसी मिजार्मुराद** यूजीसी द्वारा लाए जा रहे शिक्षा-विरोधी प्रावधानों के खिलाफ आज वाराणसी में ह्लशिक्षा स्वाभिमान यात्राह्व का आयोजन किया गया। यह यात्रा धर्मसंघ से प्रारंभ होकर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (लंका) तक निकाली गई ।इस यात्रा का नेतृत्व पूज्य श्री श्री 1008 डॉ. सचिन्द्र नाथ जी महाराज, श्रीकुल पीठ वाराणसी ने किया ।अपने उद्बोधन में पूज्य महाराज जी ने कहा कि ह्लशिक्षा किसी सरकार की बपौती नहीं, यह राष्ट्र की आत्मा है ।छात्रों के अधिकारों से समझौता कर कोई भी कानून देश का भविष्य नहीं बना सकता। आज यह लड़ाई किसी दल की नहीं, हमारे बच्चों के भविष्य की लड़ाई है। यात्रा में ईश्वर सनातनी, कृष्णानंद पांडेय, अधिवक्ता छोटू पांडेय अनुराग, शशि प्रकाश सिंह, अरुण पाण्डेय, अधिवक्ता रविंद्र मिश्रा, शशांक शेखर त्रिपाठी, आकाश पांडेय, रामनयन मणि त्रिपाठी, सूरजमानी त्रिपाठी, सुजीत अधिकारी, पवन सूर्यवंशी, राजू राजभर, सिद्धार्थ, सूर्य प्रकाश, भानु प्रतापसहित काशी विद्यापीठ एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्रझ्छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की ।सभी वक्ताओं ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि यूजीसी से जुड़े ऐसे सभी नियम और कानून, जो शिक्षा, छात्रों और शिक्षकों के हितों के विरुद्ध हैं, उन्हें तत्काल वापस लिया जाए ।यात्रा का मूल संदेश ये रहा ह्लसबका साथ हो, सबका सम्मान हो, सबका अधिकार हो ।ह्वकार्यक्रम के अंत में राष्ट्रहित, शिक्षा-संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया।

# कुमाऊँ आयुक्त ने किया घिरोली पम्पिंगक्रिटिकल केयर यूनिट ,जिला अस्पताल का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने दूसरे दिन विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। खोली स्थित निमार्णाधीन 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक में पानी की फिजूलखर्ची पाए जाने पर उन्होंने ठेकेदार पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता और समयबद्धता में कमी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान रेत और कंक्रीट के सैंपल की जांच कराई गई। अधिकारियों को नियमित गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसीएमओ डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि 20.58 करोड़ रुपये की लागत से ब्लॉक का निर्माण हो रहा है। आयुक्त ने कुंती नाले का निरीक्षण कर बरसात में जलभराव व मलबा आने की समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए ।कुमाऊ कमिश्नर ने जिला चिकित्सालय में ओपीडी वार्ड,पंजीकरण कक्ष,दवाभंडारण कक्ष, जनऔषधि केंद्र व 108 एंबुलेंस सेवा की व्यवस्थाएं भी परखी और अस्पताल में आए मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली ।जिसके बाद आयुक्त ने सीएमओऔर सीएमएस को मरीजों को अस्पताल में उचित व्यवस्था दिलाने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ तपन शर्मा द्वारा अस्पताल में बेहतर सफाई और बेहतर क्रियान्वयन पर संतोष जताते हुए सीएमएस की कार्यशैली की सराहना की ।साथ ही जिला अस्पताल में मरीजों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ।कुमाऊँ आयुक्त ने घिरौली स्थित कांडा ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना के निरीक्षण में तकनीकी कमियां मिलने पर जल निगम को दो दिन में सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम आकांक्षा कोंडे सहित सीडीओ आर सी तिवारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बॉक्सः:::दो दिन के भीतर करें कमियां दूर-मंडलायुक्त मंडलायुक्त दीपक रावत ने भ्रमण के दौरान ग्राम घिरौली स्थित विकास खंड बागेश्वर/कपकोट अंतर्गत कांडा ग्राम समूह (पंपिंग) पेयजल योजना का निरीक्षण किया। आयुक्त ने बताया कि पेयजल योजना वर्तमान में टेस्टिंग फेज में है। उन्होंने जल निगम को दो दिन के भीतर सभी तकनीकी कमियों को चिन्हित कर उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

# वेतन न मिलने से संविदाकर्मियों का धरना प्रदर्शन

संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के जसाला बिजली घर उपकेंद्र पर तैनात एक संविदाकर्मी को एक माह का वेतन न मिलने पर कर्मचारियों में रोष फैल गया। आक्रोशित संविदाकर्मियों ने बिजलीघर परिसर में कंपनी के खिलाफ सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर नाराजगी जताई और समय पर वेतन भुगतान की मांग उठाई। विकासखंड क्षेत्र के जसाला बिजली घर उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी अमजद का एक माह का वेतन लंबित है। वेतन न मिलने से क्षुब्ध अन्य संविदाकर्मी भी एकजुट हो गए और धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना था कि कंपनी द्वारा समय पर भुगतान न किए जाने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अधिकांश कर्मचारी अपने मासिक वेतन पर ही आश्रित हैं।धरने की सूचना मिलते ही मैहर इंटरप्राइज कंपनी के सुपरवाइजर मोहित कुमार, व अवर अभियंता राजीव कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्या को सुना और आश्वासन दिया कि बकाया वेतन आगामी माह की तीन तारीख तक दे दिया जाएगा।सुपरवाइजर के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया, हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी कर्मचारी का वेतन समय पर नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा।धरने का नेतृत्व कर रहे रामकुमार ने कहा कि कंपनी को कर्मचारियों की मेहनत का सम्मान करते हुए समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए। इस दौरान रविंद्र कुमार, अजय कुमार, सत्येंद्र, अंकुश, आरिफ, अंकित, मनोज कुमार, रवि कुमार, आदित्य सहित अन्य संविदाकर्मी मौजूद रहे।धरना समाप्ति के दौरान कर्मचारियों ने आपसी सहयोग की भावना से आर्थिक सहायता भी एकत्र की। धरना समाप्त के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।




# धारदार हथियार से हमला कर किया घायल,पुलिस जांच में जुटी



संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल ने चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी कल्लू ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके भाई सोनू के साथ मारपीट की थी। उस समय गांव के गणमान्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन तभी से आरोपी पक्ष पीड़ित परिवार से रंजिश मानकर चल रहा था।आरोप है कि मंगलवार की शाम पीड़ित युवक गली में खड़ा था, तभी आरोपी ने अचानक धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया।परिजनों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर आरोपी के के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल व उसके परिवार को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## एनआईएमएस यूनिवर्सिटी राजस्थान ने वाराणसी में 100 करोड़ रुपए की मेगा छात्रवृत्ति योजना का किया ऐतिहासिक शुभारंभ




(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसी:**- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक दूरगामी एवं परिवर्तनकारी पहल करते हुए एन आईएमएस यूनिवर्सिटी राजस्थान ने वाराणसी में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान 100 करोड़ रुपए की मेगा छात्रवृत्ति योजना का औपचारिक शुभारंभ किया कार्यक्रम का आयोजन थे क्लार्क वाराणसी में दो चरणों प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं ह्लगुरु वंदन 2026ह्व शिक्षक सम्मेलन के रूप में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ इस ऐतिहासिक अवसर पर वाराणसी, चंदौली, भदोही, जौनपुर और गाजीपुर सहित आसपास के जनपदों से 160 से अधिक प्रधानाचार्य, शिक्षक, काउंसलर, शिक्षाविद एवं विभिन्न कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की कार्यक्रम ने शिक्षा जगत में नई ऊर्जा और सकारात्मक शैक्षणिक समन्वय का संदेश दियो प्रेस कॉन्फ्रेंस में 100 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति योजना की घोषणा सायं 4:00 बजे आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्वविद्यालय प्रशासन ने 100 करोड़ रुपए की व्यापक छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की यह योजना मेधावी, प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करेगी विश्वविद्यालय के एडमिशन डायरेक्टर तेजिंदर पाल सिंह ने बताया कि यह छात्रवृत्ति मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लॉ, फामेर्सी, नर्सिंग सहित विभिन्न प्रोफेशनल एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले योग्य विद्यार्थियों पर लागू होगी चयन प्रक्रिया पूर्णतः मेरिट आधारित, पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप होगी प्रस्तुति के दौरान विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक अधोसंरचना, उन्नत शोध प्रयोगशालाओं, सुपर-स्पेशियलिटी मेडिकल सुविधाओं, इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों एवं उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड पर भी प्रकाश डाला गया उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप कौशलयुक्त, नवाचारी और आत्मनिर्भर बनाना है मुख्य अतिथि महापौर का प्रेरक संबोधन*

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि 100 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति योजना क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक अवसर है उन्होंने कहा कि शिक्षा में निवेश किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है ऐसी पहलें न केवल प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं

# एमआईईटी में 26 फरवरी से तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कोलाहल का आगाज

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में 26 फरवरी से तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव ह्लकोलाहल-26ह्व का शुभारंभ होने जा रहा है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में कोलाहल के समन्वयक एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर ने बताया कि यह सांस्कृतिक महोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनमें रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में कला, साहित्य, संगीत और रंगमंच की विविध विधाओं का संगम देखने को मिलेगा, जो युवाओं के उत्साह और ऊर्जा को नई दिशा देगा महोत्सव के पहले दिन भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। देश के ख्यातिलब्ध कवि शंभू शिखर, डॉ. पी.के. आजाद, खुशबू शर्मा एवं डॉ. प्रवीण शुक्ल अपनी ओजपूर्ण, हास्य और व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन में साहित्यिक गरिमा और मनोरंजन का अनूठा समावेश रहेगा। दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस, ह्लस्वर संगमह्व (सोलो, डुएट एवं ग्रुप), ह्लमिस्टर एंड मिस कोलाहलह्व तथा ह्लबैटल ऑफ बैंड्सह्व जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। प्रतिभागी अपनी कला, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। शाम को डीजे नाइट के साथ युवा ऊर्जा अपने चरम पर रहेगी। महोत्सव के अंतिम दिन रंगमंचीय प्रस्तुतियां और फैशन शो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। स्किट एवं फैशन शो में ह्लरजवाड़ाह्व, ह्लवेस्टर्नह्व, ह्लअरेबियनह्व और पारंपरिक परिधानों की थीम पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी, जो विविध सांस्कृतिक रंगों को प्रदर्शित करेंगी। इस वर्ष ह्लकोलाहल-26ह्व का मुख्य आकर्षण पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा की लाइव प्रस्तुति होगी। वे अपने लोकप्रिय गीतों—ह्लगाल नी कड़नीह्व, ह्लआ ले चक मैं आ गयाह्व, ह्लसब फड़े जानगेह्व, ह्लकच्चे पक्के यारह्व, ह्लचार यारह्व, ह्लसढ़ाह्व और ह्लपिंडा आले जटह्व— के माध्यम से युवाओं को झूमने पर मजबूर कर देंगे।




# वांछित वारंटियों की धरपकड़ अभियान में एक आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा




संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपदभर में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कांधला पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद से थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी सुभाष पुलिस गिरफ्त से बचता फिर रहा है। बुधवार को पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि कहना है कि वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# काशी प्रबुद्ध महिला मंच ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का किया आयोजन

(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसी** :- काशी प्रबुद्ध महिला मंच की तरफ से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गयो यह समारोह गंगा किनारे स्थित एक होटल में आयोजित किया गया जिसमें मंच की सदस्याओं को उनके योगदान, समर्पण और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गयो समारोह की अध्यक्षता अंजलि अग्रवाल ने की जिन्होंने अपने संबोधन में कहा हम सब महिलाएँ बेहद सशक्त हैं हम सब में कुछ न कुछ गुण छिपे रहते हैं हम अपनी ऊर्जा, समाज के प्रति समर्पण और सेवा भाव से आगे बढ़ते हैं तो वो एक मिसाल कायम होती है समारोह का शुभारंभ संयोजिका रेनू कैला के काव्य पाठ से हुओ इसके बाद अध्यक्षा अंजलि अग्रवाल एवं प्रिया अग्रवाल ने गीतों के माध्यम से मंच की सदस्याओं को उनके योगदान, समर्पण और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाली सदस्यों में शोभा कपूर, ममता तिवारी, छवि अग्रवाल, चंद्रा शर्मा, नूतन रीता अग्रवाल, ममता जायसवाल, नीतू सिंह, पूनम, अनिमा मिश्रा, गीता, रीता कश्यप, संगीता अग्रवाल, ममता पाड़िया, रिचा भार्गव, छवि और वन्दना श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह और उपहार प्रदान किया गया समारोह न सिर्फ.सम्मान का प्रतीक था, बल्कि मंच की सदस्याओं के प्रति आस्था और समर्थन का भी संदेश थो सभी सदस्यों ने एक दूसरे के साथ यादगार तस्वीरें लीं और गेम्स और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए भविष्य के लिए नये लक्ष्य तय किए गए




# चेकिंग अभियान मे कुल 15 के खिलाफ रेलवे एक्ट में की गयी कार्यवाही

(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसी** :- आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में बुधवार को वाराणसी स्टेशन पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई कंट्रोल रूम सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही हैं आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर आने जाने वाली ट्रेनों में विशेष रूप से महिला व विकलांग कोच में अन्य यात्रियों के न बैठने की हिदायत के साथ अभियान चलाकर चेकिंग की गई वाराणसी स्टेशन सकुर्लेटिंग एरिया नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने के जुर्म आठ वाहन चालकों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 159 में मामला पंजीकृत किया गया तथा वाराणसी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 11059 सारनाथ एक्सप्रेस में प्लेटफार्म नंबर तीन पर चेन पुलिंग करने के जुर्म में एक व्यक्ति के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 141 में मामला पंजीकृत किया गया वाराणसी स्टेशन मेन एंट्री इनगेट पर रेल परिसर में गंदगी फैलाने के जुर्म में एक व्यक्ति तथा स्टेशन प्लेटफार्म पर न्यूसेंस करने के जुर्म में तीन व्यक्ति, कुल चार व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे रेलवे एक्ट की धारा 145 में मामला पंजीकृत किया गया



# पाणिनि से एआई स्टैक तक दिल्ली का एआई गौरव और राष्ट्रीय क्षमता का लक्ष्य- हरदीप एस पुरी

(संतोष कुमार सिंह )



**वाराणसी** :- जब पाणिनि ने बोली जाने वाली भाषा की अव्यवस्था को एक संक्षिप्त, गणनीय व्याकरण में परिवर्तित किया, तो उन्होंने एक बात साबित की, जो आज भी प्रासंगिक है बुद्धिमत्ता सबसे शक्तिशाली तब होती है जब इसे संरचना के रूप में व्यक्त किया जाता है नालंदा इस सहज प्रवृत्ति को संस्थानों तक ले गया और बहस करने, संरक्षित करने और ज्ञान को सीमाओं के पार प्रसार करने के तरीके विकसित किए भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी करने का भारत का निर्णय उसी सभ्यतागत भावना से प्रेरित है क्योंकि तकनीक में अगली छलांग उन प्रणालियों के बारे में है जो सीख सकती हैं, तर्क कर सकती हैं और बड़े पैमाने पर कार्य कर सकती हैं और दुनिया ऐसे भविष्य के बारे में सोच नहीं सकती जिसमें केवल कुछ देश यह तय करें कि ये प्रणालियाँ कैसे बनाई जाएँगी पिछले सप्ताह भारत मण्डपम में आयोजित यह शिखर सम्मेलन, एक वैश्विक दक्षिण राष्ट्र द्वारा आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था और किसी भी पूर्व आयोजन में इस स्तर की भागीदारी नहीं देखी गयी 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री, 100 से अधिक देशों के 500 से अधिक एआई दिग्गज और विषय-आधारित दस पवेलियनों में 300 प्रदर्शके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी स्वयं की एक संगठनात्मक सोच प्रस्तुत कर रहा है: डेटा पर संप्रभुता, डिजाइन के अनुसार समावेश और स्वाभाविक जवाबदेही देश वैश्विक पूंजी को इन शर्तों पर यहाँ निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहा है प्रधानमंत्री के एम.ए.एन.ए.वी विजन में इस विचार की स्पष्ट अभिव्यक्ति हुई है नैतिक पाबंदी, जवाबदेह शासन, डेटा पर संप्रभुता, ताकि ज्ञान के कच्चा माल का उस रूप में निष्कर्षण न किया जाए जैसे कभी वस्तुओं का किया जाता था व्यापक पहुंच, ताकि लाभ मध्य प्रदेश के किसान तक उतने ही निश्चित रूप से पहुंचे जितना बेंगलुरु के इंजीनियर तक और कानूनी वैधता, ताकि हर प्रयुक्त प्रणाली लोकतांत्रिक निरीक्षण के प्रति जवाबदेह बनी रहे उनकी अवधारणा एआई को खुला आकाश देने की है जबकि नियंत्रण मानव हाथों में रखा जाना चाहिऐ यह अवधारणा एक ऐसी रेखा खींचती है जिसे कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं खींचने में हिचकिचा रही हैं अब इन सिद्धांतों का बहुपक्षीय महत्व है जो शिखर सम्मेलन में अपनाई गई दिल्ली घोषणा के माध्यम से सामने आया और इसे पहले से ही वैश्विक दक्षिण से आने वाली पहली प्रमुख एआई शासन रूपरेखा कहा जा रहा हैं इस घोषणा की दृष्टि विकास-उन्मुख है जिसका केंद्र तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण है और जो कठोर अनुपालन की तुलना में लचीली पाबंदियों को प्राथमिकता देता हैं यह वैश्विक सहयोग को तीन स्तंभों पर व्यवस्थित करता है लोग, पृथ्वी और प्रगति भारतजेन जैसा जनसंख्या के पैमाने पर आधारित समाधान जो 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है और उस वास्तविकता को संबोधित करता है कि दुनिया का अधिकांश भाग अंग्रेजी में काम नहीं करता भारत के अपने सब्सिडी वाले जीपीयू एक्सेस (65 रुपए प्रति घंटा) पर आधारित एक प्रस्तावित वैश्विक कंप्यूट बैंक प्रवेश बाधाओं को हर जगह कम करता हैं घोषणा में डेटा संप्रभुता पर जोर दिया गया है जो सीधे एआई निष्कर्षणवाद को चुनौती देता है एक पैटर्न जिसमें विकासशील देशों से डेटा संग्रहित किया जाता है ताकि मॉडल को प्रशिक्षित किया जा सके बाद में इन देशों को इसी मॉडल के लिए भुगतान करना पड़ता है पिछले दशक के कार्यान्वयन ने इस रूपरेखा को विश्वसनीयता दी है क्योंकि यह सरकार एआई तक किसी श्वेत पत्र के माध्यम से नहीं, बल्कि किसी भी लोकतांत्रिक देश द्वारा शुरू किये गये सबसे महत्वाकांक्षी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यक्रम के जरिये पहुँची है यूपीआई ने 2025 में 228 बिलियन से अधिक लेन-देन संसाधित किए जिनका मूल्य लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर था जो दुनिया के वास्तविक समय पर कुल डिजिटल भुगतान का लगभग आधा है और यह वैश्विक स्तर पर वीसा द्वारा संसाधित किये गये कुल लेन-देन से भी अधिक हैं जेएएम त्रय ने 2015 से अब तक 3.48 लाख करोड़ रुपए से अधिक की कल्याण बचत प्रदान की हैं किसी अन्य देश ने एक ही नीतिगत व्यवस्था के तहत पहचान, भुगतान और पात्रता अधिकार के वितरण का निर्माण इस स्तर पर नहीं किया है और यही वह आधारशिला है जिस पर भारत का एआई खड़ा है यदि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को देश से जोड़ना था तो एआई अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को क्षमता से जोड़ना है और यहाँ आंकड़े एक चौंकाने वाला अंतर दिखाते हैं भारत दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत डेटा का उत्पादन करता है लेकिन यहाँ वैश्विक डेटा केंद्र क्षमता का केवल लगभग तीन प्रतिशत मौजूद है अब इस अंतर को उसी इरादे के साथ पाटा जा रहा है जिसने यूपीआई का निर्माण किया थो तेज, बड़े पैमाने पर और संप्रभु डिजाइन के साथ विचार करें कि भारत मंडपम में एक ही सप्ताह में क्या घोषणाएँ की गईं माइक्रोसॉफ्ट 2030 तक वैश्विक दक्षिण के लिए 50 बिलियन डॉलर जिसमें से पहले ही 17.5 बिलियन डॉलर की भारत के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी हैं गूगल अमेरिका-भारत संपर्क पहल, जो पांच वर्षों में 15 बिलियन डॉलर से संचालित होगी अमेजन वेब सर्विसेज महाराष्ट्र में 8.3 बिलियन डॉलर अदानी समूह 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा संचालित एआई डेटा केन्द्रों के लिए 100 बिलियन डॉलरे योटा डेटा सर्विसेज एनवीडिया के ब्लैकवेल अल्ट्रा चिप्स का उपयोग करके एशिया के सबसे बड़े एआई कंप्यूटिंग हब में से एक के लिए 2 बिलियन डॉलर से अधिके लार्सन एंड टुब्रो: एनवीडिया के साथ भारत की सबसे बड़ी गीगावाट-स्केल एआई फैक्ट्री बनाने के लिए प्रस्तावित परियोजना इंडियाएआई मिशन का राष्ट्रीय कंप्यूट क्लस्टर 38,000 जीपीयू पार कर चुका है और इसे 58,000 तक बढ़ाया जा रहा है जो स्टार्टअप्स के लिए वैश्विक लागत के लगभग एक तिहाई पर उपलब्ध है अगले दो वर्षों में एआई अवसंरचना में 200 अरब डॉलर के निवेश का सरकार का लक्ष्य महज आकांक्षा नहीं है

# एफडीएम आधारित एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग पर आरकेजीआईटी में विशेष कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद** ,( अनिल वशिष्ठ)। स्थित राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी), गाजियाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 24 फरवरी को एफडीएम तकनीक आधारित 3डी प्रिंटिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 3डी प्रिंटिंग तकनीक का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को 3डी प्रिंटर के प्रमुख भागों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही 3डी प्रिंटिंग में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के फिलामेंट एवं उनके गुणों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में 3डी प्रिंटिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, डिजाइन, उत्पाद विकास, विनिर्माण तथा अन्य औद्योगिक अनुप्रयोगों में इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। विभागाध्यक्ष (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) डॉ. पंकज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य में 3डी प्रिंटिंग जैसी उन्नत तकनीकों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने कौशल को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल, नवाचार क्षमता एवं उद्योगोन्मुख दृष्टिकोण को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल जी ने भी विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि व्यावहारिक प्रशिक्षण और तकनीकी समझ ही विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। कार्यशाला का समन्वय मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री अंकित द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्रों ने, कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका को रचित काव्य रचना के लिए सम्मानित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ)। हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड ' पुरस्कार वितरण समारोह एवं 'अमृत कुंभ सम्मान' का भव्य आयोजन दिल्ली स्थित सी.डी. देशमुख ऑडिटोरियम, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। जिसमें दयावती मोदी पब्लिक स्कूल मोदीनगर की शिक्षिका श्रीमती मीनू शर्मा को सम्मानित किया गया।। इस समारोह में देशभर से आए अनेक विद्यालयों के लगभग 100 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि लद्दाख के उपराज्यपाल कविन्द्र गुप्ता, उनके साथ ही डॉ. रणजीत कुमार सिन्हा ( सचिव, उच्च शिक्षा विभाग), रविंद्र इंद्राज सिंह ( कैबिनेट मंत्री, दिल्ली) और फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती हेमलता उपस्थित रहें । इस 'अमृत कुंभ सम्मान' समारोह में गाज़ियाबाद जिले के मोदीनगर क्षेत्र से हापुड़ रोड पर स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की हिंदी शिक्षिका श्रीमती मीनू शर्मा को उनके द्वारा रचित काव्य रचना के लिए सम्मानित एवं पुरस्कृत किया । उनकी इस साहित्यिक उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा और उप-प्रधानाचार्या डॉ. गुरमीत गुप्ता ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं, एवं विद्यालय उपाध्यक्ष राजीव बोबल, प्रबंधन डॉ0 जे0 सी0 चावला ने इसे शिक्षण और साहित्य के प्रति उनके अटूट समर्पण का परिणाम बताया है।

# नारी शक्ति वूमन एम्पायर संस्था द्वारा छात्राओं को नि:शुल्क सैनिटरी पैड प्रदान किए




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ)। नारी शक्ति वूमन एम्पायर एनजीओ द्वारा स्पेक्ट्रम ग्लोबल स्कूल अमीपुर बडायला मे छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड प्रदान किए। इस मौके पर एनजीओ की अध्यक्ष शोभा चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।कड़ी में स्पेक्ट्रम ग्लोबल स्कूल की सैकड़ो छात्राओं को कॉलेज स्टाफ के सहयोग से सेनेटरी पैड वितरित कर माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया है। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती संजू दीक्षित नीलम रुहेला , नम्रता शर्मा, निधि शर्मा, एकता, प्रियंका, सपना, उपाध्याय, सना, इंदु, स्तुति, अनुशिका आदि अध्यपिकाये उपस्थित थी।

# डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय एवं ग्रैप सिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मध्य हुआ एमओयू

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ)। डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश एवं ग्रैप सिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नोएडा उत्तर प्रदेश के मध्य एमओयू हुआ। डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा छात्र/छात्राओं को ट्रेनिंग और हैंड्स-ऑन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के जरिए टेक्निकल स्किल्स को विकसित किया जा सके, जिससे कि छात्र/छात्राओं को एकेडमिक और टेक्निकली फायदा होगा। ग्रैप सिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कॉर्पोरेशन है, जिसकी स्थापना 1980 में जापान में हुई थी और 1996 से भारत में इसकी उपस्थिति है। वे डेवलपर टूल्स, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सर्विसेज, एजुकेशन सॉल्यूशंस और स्कूल मैनेजमेंट सिस्टम जैसे उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं, ग्रेपसिटी के मुख्य ऑफिस अमेरिका, जापान, भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, मंगोलिया, वियतनाम और अल्बानिया में हैं। समझौता ज्ञापन पर डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगर, गाजियाबाद के कुलपति प्रो0 (डॉ0) पी0 एन0 रिषीकेशा ने तथा ग्रैप सिटी की ओर से उनकी वाइस प्रेसिडेंट सुश्री नाने आओकी द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर ग्रेपसिटी इंडिया के सीनियर मैनेजर-डट और कैंपस एंगेजमेंट मधु के बुजू, तथा डॉ के0एन0 मोदी फाउंडेशन के कुलसचिव श्री यू0एन0 मिश्रा, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी अजय प्रजापति एवं आशीष मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, इस अवसर पर कुलपति प्रो0 (डॉ0) पी0 एन0 रिषीकेशा ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं के इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के संबंध मे एक मील का पत्थर साबित होगा, तथा यह समझौता विश्वविद्यालय लिए गौरव का विषय है और अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# जन-सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु सांसद ने अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ)। मोदीनगर क्षेत्र के विकास और जन-सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु दो महत्वपूर्ण स्थलों का सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने सीकरी फाटकः यहाँ प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज एवं अंडरपास के निर्माण के संबंध में विस्तृत निरीक्षण किया। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को जाम से मुक्ति मिलेगी और आवागमन बेहद सुगम होगा। मोदीनगर स्टेशनः रेलवे स्टेशन के पास स्थित बस्तियों के नागरिकों की सुविधा हेतु निमार्णाधीन फुट ओवर ब्रिज के विस्तार के संबंध में निरीक्षण किया। हमारा प्रयास है कि स्थानीय निवासियों को आने-जाने में कोई असुविधा न हो और बेहतर कनेक्टिविटी मिले। निरीक्षण के दौरान रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण भी साथ मौजूद रहे। जिन्हें कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# रमजान रहमतों और बरकतों का महीना- नोमान सिद्दीकी



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। रमजान रहमतो और बरकतों का महीना है ।हमें इस महीने के समय का सही इस्तेमाल करना चाहिए। अल्लाह पाक को राजी करने की नीयत से रोजा रखना, कुरान पाक की तिलावत, नमाजों की पाबंदी करना चाहिए ।इस महीने में नेक आमाल के सवाब बढ़ा दिये जाते हैं।

उक्त बातें सेमरियावा ब्लाक के कोहरियावा निवासी व समाजसेवी नोमान सिद्दीकी ने एक मुलाकात में कहीं। उन्होंने बताया कि रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र नौवां महीना है, जो आत्म-शुद्धि, त्याग और अल्लाह की इबादत का प्रतीक है। अरबी शब्द 'रमाद' से बने इस शब्द का अर्थ 'झुलसा देने वाली गर्मी' या शुष्कता है, जो उपवास से होने वाली शरीर की तपिश का प्रतीक है। इस महीने में मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास (रोजा) रखते हैं। रमाद का अर्थ चिलचिलाती गर्मी है, जो व्यक्ति के पापों को जलाकर शुद्ध करने को दशार्ता है। इसी महीने में पैगंबर मुहम्मद को कुरान का ज्ञान प्राप्त होना शुरू हुआ था। रोजा सुबह (सुहूर) से शाम (इफ़्तार) तक भोजन और पानी का त्याग कर आत्म-अनुशासन और आत्म-नियंत्रण सीखने की शिक्षा देता है। यह महीना गुनाहों की माफी मांगने, दान करने और गरीबों के प्रति सहानुभूति रखने का समय है। महीने के अंत में ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया जाता है ।उन्होंने कहा कि यह आत्म-चिंतन का समय है, जो विश्वासियों को नैतिक आचरण और अच्छे व्यवहार को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। महीने के आखरी दस दिनों में एक रात ऐसी है जिसे शबे कद्र कहते हैं। शबे कद्र का अर्थ है, वह रात जिसकी कद्र की जाए। यह रात जाग कर अल्लाह की इबादत में गुजार दी जाती है। माहे रमजान शब्द 'रम्ज' से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है- ₹छोटे पत्थरों पर पड़ने वाली सूर्य की अत्याधिक गर्मी₹। रमजान आत्म-अनुशासन और आत्म-नियंत्रण का महत्व सिखाता है, क्योंकि उपवास के दौरान सुबह से शाम तक भोजन, पेय और अन्य सांसारिक इच्छाओं से परहेज करना आवश्यक होता है। शारीरिक इच्छाओं पर संयम बरतने से व्यक्ति में लचीलापन, इच्छाशक्ति और आंतरिक सामर्थ्य की प्रबल भावना विकसित होती है। उन्होंने बताया कि रमजान के दौरान रखा जाने वाला रोजा (उपवास) एक प्रकार का 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' है, जो शरीर को डिटॉक्सिफाई (विषाक्त पदार्थ बाहर निकालने) करने, चयापचय में सुधार करने और इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ाने में मदद करता है। यह शरीर की चर्बी को कम करता है, कोलेस्ट्रॉल को सामान्य बनाए रखने में सहायक होता है और मस्तिष्क के स्वास्थ्य व मानसिक स्पष्टता में सुधार कर सकता है।

# शिविर के पांचवें दिन ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरुक करते स्वयंसेवी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर**। क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में चल रहा है। शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से कहा कि यदि बेटियां साक्षर होगीं। तभी अपने अधिकारों, कर्तव्यों को भली भांति समझकर समाज निर्माण में अपने दायित्व को पूर्ण करेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की राष्ट्र निर्माण के लिए बेटियों को साक्षर जरूर करें। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। ग्राम मुस्तफाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ शिवाली राजपूत के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्राएं स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर चल रही थी। वही ग्राम सरकथल में कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा तथा विवेक कुमार के नेतृत्व में भी जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को साक्षरता का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम का द्वितीय सत्र उठें समाज के लिए उठें उठें लक्ष्य जीत के साथ प्रारंभ हुआ। कॉलेज के निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने स्वयंसेवियों से कहा कि स्वयंसेवी राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इससे ही स्वयंसेवियों के व्यक्तित्व का विकास होगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने भी स्वयंसेवियों से सामाजिक बुराइयों को दूर करने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य ही समाज सेवा है। प्रत्येक स्वयंसेवी समाज सेवा के कार्य में अधिक से अधिक योगदान दे। कार्यक्रम का समापन हम होंगे कामयाब एक दिन जीत के साथ हुआ।

# टेट के विरोध में शिक्षकों ने तीसरे व अंतिम दिन शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर जनपद के शिक्षक टेट के विरोध में तीन दिन से बाहों में काली पट्टी बांधकर शिक्षक शिक्षण कार्य कर रहे हैं ।बुधवार के दिन भी जनपद के सभी नौ ब्लाकों में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। बोर्ड परीक्षा में भी काली पट्टी बांधकर ड्यूटी किया और विरोध दर्ज कराया ।साथ ही बीआरसी और डायट पर आयोजित प्रशिक्षण में भी काली पट्टी बांधी। जिलाध्यक्ष अंबिका देवी यादव ने बताया क्रमिक आंदोलन के तीसरे अंतिम दिन शिक्षक टेट के विरोध में मुखर रहे ।संगठन के आह्वान पर सभी शिक्षक अंतिम दिन भी जनपद के सभी नौ ब्लाकों के समस्त शिक्षकों ने टेट के विरोध में हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया ।शिक्षकों की भरपूर भागीदारी रही। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि मांगे पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा ।शिक्षक हित में संगठन का संघर्ष व आंदोलन जारी रहेगा। जिला उपाध्यक्ष जफीर अली करखी ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त संगठन टेट के विरोध में एकजुट हैं। 26 फरवरी को दिन में दो बजे से बी एस ए कार्यालय पर आयोजित धरने में भी बड़ी संख्या में शामिल हों ।धरने के बाद जनपद के सभी शिक्षक मा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया जाएगा। मंत्री के सी सिंह ने शिक्षकों का आह्वान किया कि धरने में सभी शिक्षक जिला मुख्यालय पर पहुंचे ।काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराने में सभी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, ब्लॉक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारी सहित सभी शिक्षक संगठनों का सहयोग रहा।

# किसान मजदूर मोर्चा द्वारा मांगों को लेकर शुरू किया गया धरना आश्वासन के बाद समाप्त

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ठ)। भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के तत्वाधान में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील परिसर में शुरू किया गया धरना एसडीएम के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। धरने की अध्यक्षता प्रिंसिपल रामदत्त शर्मा ने व संचालन तिलक राज अधाना ने किया। सैकड़ों लोग एवं मातृशक्ति धरणा स्थल पर मौजूद रहे। धरने को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर सतेन्द्र शर्मा नीरज प्रजापति कालू चेयरमैन राहुल प्रधान सभासद गुलाब सिंह सुरेश शर्मा चमन सिंह बीरसिंह राज वर्मा एडवोकेट धीरज शर्मा ने संबोधित किया । मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि सांसद राजकुमार सांगवान से फोन पर वार्ता हुई और उसके बाद लगभग तीन बजे एसडीएम मोदीनगर धरना स्थल पर लोगों के बीच पहुंचे उन्होंने पांचों मांगों पर मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की दाखिल खारिज के मुद्दे पर उन्होंने फाइल मंगाकर पूरी जानकारी करने का पन्द्रह दिन का समय मांगा। डा बबली गुर्जर ने बताया कि सीकरी और तिबड़ा फाटक का सांसद राजकुमार सांगवान ने रेलवे की टीम बुलाकर सर्वे करा दिया है। एसीपी मोदीनगर ने दोनों फाटकों पर एक मार्च से दो दो सिपाही की ड्यूटी लगा दी है। सांसद राजकुमार सांगवान ने फोन पर बताया कि देहात क्षेत्र की जर्जर सभी सड़कों पर अगले एक महीने के अंदर कार्य शुरू करा दिया जाएगा। सांसद ने जल्द ही मोदीनगर के अंदर एक ट्रामा सेंटर स्थापित कराने का भी आश्वासन दिया। महामाया मंदिर के 25 करोड़ रुपये खर्च करने व मेले की व्यवस्था के लिए 28 फरवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे एसडीएम ने महामाया भवन में मीटिंग बुला ली है। जिसमें सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। एसडीएम के आश्वासन के बाद धरना स्थगित कर दिया गया। धरने में देव पंडित बलबीर भडाना नवीन जैन पिंकल गुर्जर जयप्रकाश शर्मा धर्मबीर आरटीओ मोनू प्रधान राहुल वाल्मीकि अमित गूजर कमलेश देवी सुनीता राजबाला सुमन देवी ललिता आदि लोग मौजूद रहे।

# पारदर्शी प्रक्रिया में 28 ईडब्ल्यूएस आवासों का लॉटरी ड्रॉ सम्पन्न, पात्र लाभार्थियों को मिलेगा जल्द आवास

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। शहर में किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 28 ईडब्ल्यूएस भवनों के आवंटन हेतु लॉटरी ड्रॉ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। यह कार्यक्रम मंगलवार, 25 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे हिन्दी भवन, लोहिया नगर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित रहे।

यह लॉटरी ड्रॉ योजना संख्या 922-41डी के अंतर्गत आयोजित किया गया। योजना के तहत निजी विकासकर्ता मैसर्स एन्थम यथकीर्ति इन्फ्रासिटी प्रा. लि. बिल्डर्स द्वारा खसरा संख्या 823 मि०, 826 मि०, ग्राम नूरनगर तथा खसरा संख्या 839, 840, 841, 842, 843, 834, 835 व 838 ग्राम सद्दीकनगर, गाजियाबाद में निर्मित 28 ईडब्ल्यूएस भवनों का आवंटन किया गया। इन भवनों का निर्माण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) के लिए किया गया है, ताकि उन्हें शहर में सम्मानजनक और सुरक्षित आवास मिल सके। कार्यक्रम के दौरान न केवल 28 आवासों के लिए लॉटरी निकाली गई, बल्कि इसी योजना के अंतर्गत तीन वेटिंग सूची के आवेदकों के लिए भी लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई। पूरी कार्यवाही शासन के दिशा-निदेशों के अनुरूप, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराई गई। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक पात्र आवेदक को समान अवसर प्राप्त हो और प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता की



गुंजाइश न रहे। लॉटरी ड्रॉ की निगरानी प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद, अपर सचिव, वित्त नियंत्रक, परियोजना अधिकारी तथा सीएलटीसी गाजियाबाद के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आवेदकों को पूरी प्रक्रिया प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर दिया गया, जिससे पारदर्शिता बनी रही और लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग तथा मध्यम आय वर्ग के नागरिकों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना है। सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र परिवार को अपना पक्का घर मिले। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद में लगातार आवासीय योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी और एडीएम ई ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल और एडीएम ई ज्योति मौर्या ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान नागरिकों ने अपने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिनका उद्देश्य प्रशासनिक कार्रवाई में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। जनता दर्शन के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और निर्माण विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्र और शिकायतें प्राप्त हुई। अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए और गरीब, असहाय या बेबस व्यक्ति के साथ कोई अन्याय करने वाले के विरुद्ध सख्ततम कार्यवाही की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रत्येक शिकायत का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल शिकायत का निस्तारण ही नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं को समझना और भविष्य में समस्याओं के पुनरावर्तन को रोकना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। अभिनव गोपाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के विकास और जनपद के समग्र विकास में सभी विभागों एवं अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# एपीके फाइल भेजकर खाते से 32 लाख रुपये की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। साइबर अपराधियों ने आरटीओ चालान नाम की एपीके फाइल भेजकर मोदीनगर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति के खाते से 32 लाख रुपये निकाल लिए। ठगों ने पहले मोबाइल हैक किया, फिर खाते से रकम निकालकर अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दी। बैंक मैनेजर की कॉल आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला, जिसके बाद उसने साइबर थाने में केस दर्ज कराया। कपड़ा मिल मोदीनगर की श्रीनगर कॉलोनी में रहने वाले श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि 10 फरवरी को उनके व्हाट्सऐप नंबर पर परिचितों के जरिए फॉरवर्ड होकर आरटीओ ई-चालान नाम की एपीके फाइल आई थी। उन्होंने अनजाने में उस फाइल को क्लिक कर लिया। फाइल डाउनलोड होते ही उनके मोबाइल पर कुछ संदेश आए और अचानक उनका मोबाइल नंबर बंद हो गया, जो करीब तीन दिन तक बंद रहा। श्रवण कुमार शर्मा के मुताबिक 19 फरवरी को शाम करीब साढ़े चार बजे उनके पास बैंक मैनेजर का फोन आया। उन्होंने बताया कि उनके खातों से लाखों रुपये की निकासी हुई है। जानकारी मिलने पर उनके होश उड़ गए। जांच करने पर पता चला कि उनके उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के दो अलग-अलग खातों से 17 से 19 फरवरी के बीच आईएमपीएस और यूपीआई के माध्यम से कई किस्तों में रकम ट्रांसफर की गई। दस हजार से पांच लाख तक की ट्रांजेक्शन हुई श्रवण कुमार का कहना है कि शुरूआत में खाते से पांच लाख, चार लाख, तीन लाख, एक-एक लाख सहित 50-50 हजार रुपये की कई ट्रांजेक्शन की गई। इसके अलावा 10 हजार से एक लाख रुपये जैसी छोटी-बड़ी रकम भी निकाली गई। वहीं दूसरे खाते से भी 50-50 हजार रुपये की कई यूपीआई ट्रांजेक्शन और दो लाख रुपये आईएमपीएस के जरिए ट्रांसफर किए गए। दोनों खातों से कुल मिलाकर 31.81 रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित का कहना है

# आईटीएस में कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उन्नत दंत उपचार तकनीकों को बढ़ावा देने और चिकित्सकीय कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के ओरल इंप्लांटोलॉजी विभाग द्वारा कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी विषय पर दो दिवसीय ज्ञानवर्धक एवं प्रायोगिक हैंड्स-ऑन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 56 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें संस्थान के दंत चिकित्सक एवं एम.डी.एस. विद्यार्थी शामिल रहे, जो उन्नत इंप्लांटोलॉजी तकनीकों में दक्षता प्राप्त करना चाहते थे। कार्यशाला का संचालन प्रतिष्ठित कॉर्टिको-बेसल इम्प्लांटोलॉजिस्ट प्रो. डॉ. सचिन देव, डॉ. आशीष सेठी तथा डॉ. हरमनप्रीत कौर द्वारा किया गया। विशेषज्ञों ने कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी, इमीडिएट लोडिंग प्रोटोकॉल्स तथा जटिल परिस्थितियों में सफल उपचार रणनीतियों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेसल एवं कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी की उन्नत अवधारणाओं को स्पष्ट करना था, जिससे कठिन क्लीनिकल स्थितियों में बेहतर उपचार संभव हो सके। पहले दिन प्रो. डॉ. सचिन देव ने इम्प्लांट प्लेसमेंट एवं रिस्टोरेशन के सिद्धांतों पर विस्तृत व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. आशीष सेठी ने चरणबद्ध क्लीनिकल प्रोटोकॉल और रोगी चयन मानदंडों की जानकारी दी। डॉ. हरमनप्रीत कौर ने प्टेरीगॉइड इम्प्लांट्स की पेटेंटेड फ्लैपलेस तकनीक पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बिना बोन ग्राफ्टिंग के पोस्टीरियर-मैक्सिलरी पुनर्वास के लाभों पर प्रकाश डाला। दिन के अंत में डमी मॉडल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण तथा मरीजों पर लाइव सर्जरी प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। बुधवार को दूसरे दिन का मुख्य फोकस कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी में प्रोस्थेटिक विचार एवं प्रोस्थेसिस कॉन्सेप्ट पर रहा। डॉ. आशीष सेठी ने क्लीनिकल वर्कफ्लो, प्रोस्थेटिक प्लानिंग तथा इमीडिएट लोडिंग प्रोटोकॉल्स पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों की निगरानी में मरीजों पर इम्प्लांट प्लेसमेंट के हैंड्स-ऑन सत्र ने प्रतिभागियों को वास्तविक समय का क्लीनिकल अनुभव प्रदान किया और उन्हें आत्मविश्वास के साथ कॉर्टिकल इम्प्लांट प्रक्रियाएं करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया। उनका मानना है कि दंत चिकित्सकों को आधुनिक एवं साक्ष्य-आधारित उपचार पद्धतियों से निरंतर अद्यतन रहना चाहिए। संस्थान का ओरल इंप्लांटोलॉजी विभाग अत्याधुनिक अवसंरचना एवं तकनीक से सुसज्जित है और वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करता है। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों ने कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी उपचार के नवीनतम दृष्टिकोणों का ज्ञान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों ने संस्थान के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति आभार व्यक्त किया तथा संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उन्नत उपचार पद्धतियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की सराहना की।

# मोदीनगर में 52 बीघा अवैध कालोनियों पर प्राधिकरण ने की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। मोदीनगर क्षेत्र में लगभग 52 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों के विरुद्ध प्राधिकरण ने बुधवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष महोदय के निदेर्शानुसार अवैध निर्माण और अवैध कालोनियों को रोकने के उद्देश्य से की गई। ग्लोब शाइन बिल्डर एंड डवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा श्री निरंजन फौजदार व श्री अनुज चौधरी के खसरा संख्या 396, औरंगाबाद गदाना, हापुड़ रोड, मोदीनगर, गाजियाबाद पर लगभग 30,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में छह महीने पहले निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। इस कार्य में बाउंड्री वॉल और सड़कों के निर्माण हेतु मिट्टी भरी जा रही थी। इसके अलावा, श्री विनोद, लोकेन्द्र, ज्ञानेन्द्र, रूबी, नीतू और अरुणा द्वारा ललितपुर तिबड़ा, मोदीनगर में लगभग 22,000 वर्ग मीटर में अवैध निर्माण और मिट्टी भराव कार्य जारी था।ट ध्वस्तीकरण के दौरान कालोनाइजर द्वारा बनाई गई सड़क, बाउंड्री वॉल और साइट ऑफिस को हटाया गया। अवैध निर्माणकताओं ने भारी विरोध किया, लेकिन पुलिस और प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए सभी अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

# जनप्रतिनिधियों और अफसरों के बीच संवाद को गति देने हेतु 'संवाद सेतु व्यवस्था लागू

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में 'संवाद सेतु (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू कर दी गई है। इस नई व्यवस्था की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जनपदों में की गई। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बुधवार को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों जिलों में इस पहल का शुभारम्भ किया और जिलाधिकारियों को इसके सुचारु संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान तीनों जिलों के जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी जुड़े। 'संवाद सेतु का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि कोई जनप्रतिनिधि किसी अधिकारी से संपर्क करना चाहे और कॉल रिसीव न हो, तो एक विशेष नंबर 9217575500 पर कॉल दर्ज कराकर संवाद स्थापित किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर स्थापित किया गया है। यदि किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव या कॉल बैक नहीं की जाती है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को सूचित कर सकेंगे। इसके बाद कमांड सेंटर संबंधित अधिकारी को तुरंत कॉल बैक करने के निर्देश देगा, जिससे संवाद सुनिश्चित हो सके। यह व्यवस्था केवल कार्य दिवसों एवं कार्यालय समय के दौरान सरकारी सीयूजी नंबरों पर लागू होगी। त्वरित प्रतिक्रिया देने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही की स्थिति में रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह पहल विधानसभा में उठे मुद्दे के बाद अमल में लाई गई है और इस दिशा में सुझाव राज्यमंत्री असीम अरुण द्वारा दिए गए थे।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजी दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। ओरल रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सटीक निदान की कला के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मौखिक स्वास्थ्य, रोग पहचान तथा उपचार की सफलता में सही क्लीनिकल निर्णय की भूमिका से परिचित कराना था। इस अवसर पर बीडीएस विद्यार्थियों के लिए रंगोली, मंडला आर्ट, मीम निर्माण और सोप कार्विंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की, बल्कि मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े संदेशों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह देखने योग्य रहा। एमडीएस विद्यार्थियों के लिए 'मौखिक रोग संबंधी घावों की पहचान विषय पर आधारित प्रश्नावली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस शैक्षणिक अभ्यास के दौरान छात्रों ने सिर और गर्दन क्षेत्र में सामान्य रूप से दिखाई देने वाली विकृतियों के विभिन्न निदानों में अंतर करना सीखा, जो भविष्य में सटीक उपचार योजना बनाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों के आयोजन से छात्रों के क्लीनिकल और अकादमिक ज्ञान को सुदृढ़ किया जाता है।

# होली पर्व को लेकर रेलवे स्टेशन पर बढ़ी सुरक्षा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। होली पर्व के मद्देनजर गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। इस प्रमुख त्योहार पर बड़ी संख्या में यात्रियों के अपने घरों को लौटने की संभावना को देखते हुए स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ के जवान पूरी तरह से सतर्क रहेंगे। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर जिले के अलावा आसपास के जिले नोएडा, हापुड़, बुलंदशहर से भी लोग लंबी दूरी की ट्रेन पकड ? के लिए आते हैं। ऐसे में होली के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। इसे देखते हुए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहेगी। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार मिश्र ने बताया कि सभी प्लेटफार्म पर जीआरपी के अतिरिक्त जवान किए जाएंगे। प्लेटफार्म पर बॉडी वार्न कैमरे से जवान विशेष निगरानी रखेंगे। वहीं आरपीएफ इंस्पेक्टर चेतन प्रकाश ने बताया कि स्टेशन के दोनों प्रवेश द्वार पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। बिना टिकट यात्रा करने वालों पर सख्ती त्योहारों पर भीड़ का फायदा उठाकर कई बार यात्री बिना टिकट के ही ट्रेन में सफर करते हैं।

# आई तकनीक से बदलेगी क्रिटिकल केयर, ई-आईसीयू कमांड सेंटर की शुरूआत

वेलकम इंडिया

**दिल्ली-एनसीआर**। स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए यशोदा मेडिसिटी ने एमएमजी जिला अस्पताल, गाजियाबाद के साथ एआई-सक्षम ई-आईसीयू कमांड सेंटर की शुरूआत की है। यह पहल यशोदा फाउंडेशन्स के अंतर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के रूप में शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य गंभीर मरीजों की देखभाल को आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ निगरानी के माध्यम से बेहतर बनाना है। इस अत्याधुनिक कमांड सेंटर का उद्घाटन मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे. पी. नड्डा ने यशोदा मेडिसिटी के वरिष्ठ प्रबंधन, चिकित्सकों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल, सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, सीडीओ अभिनव गोपाल, सीएमओ डॉ अखिलेश मोहन, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के कार्यकारी निदेशक शुभांग अरोड़ा आदि मौजूद रहे। इस पहल के अंतर्गत यशोदा मेडिसिटी के बेस कमांड सेंटर को एमएमजी जिला अस्पताल के आईसीयू से जोड़ा गया है, जिससे विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी अब डिजिटल माध्यम से निरंतर उपलब्ध रहेगी। यह एआई-सक्षम प्रणाली मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी डेटा का रियल-टाइम विश्लेषण करती है। यदि किसी मरीज की स्थिति बिगड ? की आशंका होती है, तो



सिस्टम पहले ही चेतावनी संकेत जारी कर देता है। इससे विशेषज्ञ डॉक्टर दूर बैठकर स्थिति का आकलन कर सकते हैं और स्थानीय चिकित्सा टीम को तुरंत उपचार संबंधी मार्गदर्शन दे सकते हैं। इस व्यवस्था से उपचार की गुणवत्ता में सुधार, चिकित्सा प्रक्रियाओं में समन्वय और आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय संभव हो पाता है। ई-आईसीयू प्लेट$फॉर्म अस्पताल की सूचना प्रणालियों और बेडसाइड मॉनिटरिंग उपकरणों से जुड़कर मरीजों के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतों को एकीकृत डैशबोर्ड पर प्रदर्शित करता है। इसमें मौजूद एआई इंजन मरीजों के जोखिम स्तर का आकलन कर आवश्यकतानुसार अलर्ट जारी करता है। इससे डॉक्टरों को सटीक निर्णय लेने में मदद मिलती है, संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है और उपचार की लागत को नियंत्रित करने में भी सहायता मिलती है। यशोदा मेडिसिटी की विशेषज्ञ क्रिटिकल केयर टीम इस कमांड सेंटर से 24-7 निगरानी करेगी। जरूरत पडे पर विशेषज्ञ परामर्श, उपचार प्रोटोकॉल और चिकित्सकीय मार्गदर्शन तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जिला अस्पतालों में भी वैश्विक मानकों के अनुरूप क्रिटिकल केयर सेवाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी। उच्च स्तरीय आईसीयू सुविधाओं तक पहुंच अक्सर सीमित होती है, लेकिन इस डिजिटल नेटवर्किंग मॉडल के माध्यम से विशेषज्ञ उपचार अधिक सुलभ और किफायती बन सकेगा। इसके साथ-साथ यह प्रणाली स्थानीय चिकित्सा टीमों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास का भी माध्यम बनेगी, जिससे उपचार की गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा कि एआई-सक्षम ई-आईसीयू जैसी पहल यह दशार्ती है कि तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को किस प्रकार सुदृढ़ किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह सीएसआर पहल गंभीर मरीजों को निरंतर विशेषज्ञ निगरानी उपलब्ध कराएगी और अन्य संस्थानों को भी समाजहित में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य हर मरीज को विश्वस्तरीय इलाज उपलब्ध कराना है। इस तकनीक के माध्यम से आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं और विशेषज्ञ देखरेख को अस्पताल की भौतिक सीमाओं से बाहर तक पहुंचाया जा रहा है।